RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-326 | जयपुर, रविवार, 24 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

### राजौरी के जंगलों में छिपे तीन आतंकी, सुरक्षाबलों पर गोलीबारी की

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शनिवार दोपहर सुरक्षाबलों और आतंकियों से मुठभेड़ हुई है। गंभीर मुगलान के जंगलों में 2-3 पाकिस्तानी आतंकियों के घिरे होने की खबर है। आतंकी मूवमेंट की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों का जंगल में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसी दौरान आतंकियों ने फायरिंग की।

### पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शनिवार को एक बार फिर बढ़ोतरी की। पेट्रोल के दाम में 87 पैसे लीटर व डीजल के भाव में 91 पैसे प्रति लीटर तक का इजाफा किया। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी की कीमत एक रुपये प्रति किलो बढ़ हैं। तेल कंपनियों ने पिछले 9 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दाम में तीसरी बार इजाफा किया है। 15 मई को कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई थी। उसके बाद 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दाम 90 पैसे लीटर बढ़ाये थे। कुल मिलाकर ईंधन की कीमतों में लगभग 5 रू. प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

### पंचायत-निकाय चुनाव कराने को सरकार तैयार, निर्वाचन आयोग को देंगे सहयोग

**अजमेर।** राजस्थान में पंचायत व नगर निकाय चुनावों को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत और निकाय चुनाव कराने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा राज्य निर्वाचन आयोग को हर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा शनिवार को अजमेर दौरे पर पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत में झाबर सिंह खर्रा ने कहा राजस्थान हाईकोर्ट ने पंचायत व निकाय चुनावों को लेकर जो निर्देश दिए हैं, उनके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी राज्य निर्वाचन आयोग की है। सरकार निर्वाचन आयोग की हर जरूरत व मांग को पूरा करेगी।

### पीएम मोदी ने युवाओं को बांटे 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र

# आज से आपके कंधों पर है विकसित भारत की जिम्मेदारीः प्रधानमंत्री

### 'पांच देशों के दौरे से युवाओं को मिलेगा सीधा फायदा'

नई दिल्ली






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आयोजित 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में स्वरोजगार और उद्यमिता की नई संस्कृति विकसित हुई है और देश अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 2.3 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं और यह बदलाव अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवा भी स्टार्टअप, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जबकि महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ रही है।

मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं के लिए आज विनिर्माण, डिजिटल सेवाएं, रेलवे, रक्षा, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में नए अवसर तेजी से पैदा हो रहे हैं। उन्होंने हाल में हुए अंतरराष्ट्रीय समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, इटली और यूएई जैसे देशों के साथ तकनीक, एआई, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सेमीकंडक्टर सेक्टर में सहयोग से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

प्रधानमंत्री ने एएसएमएल-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स समझौते को भारत के लिए अहम बताते हुए कहा कि इससे देश में हजारों नई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से वैश्विक सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने नव नियुक्त युवाओं से सरकारी सेवा को राष्ट्रसेवा का माध्यम मानकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी केवल पद नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाने की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर नवनियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया पांच देशों के विदेशी दौरे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में देश की युवा शक्ति सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुई उनकी विदेश यात्राओं के दौरान नीदरलैंड्स के साथ सेमीकंडक्टर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग पर, स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर और नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी पर बेहद महत्वपूर्ण रणनीतिक बातचीत हुई है।

### रेलवे में 1.6 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रहीः वैष्णव

*राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर में भी रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जयपुर में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे में इस समय 1.6 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है और भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी तथा समयबद्ध बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेलवे से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं पर काम जारी है, जिनके पूरा होने के बाद राज्य में 200 नई ट्रेनों के संचालन की संभावना बनेगी। भूपेंद्र यादव ने नवनियुक्त युवाओं से 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान देने और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।*

## चीन की कोयला खदान में ब्लास्ट, 90 लोगों की मौत



### जिनपिंग बोले- गुनहगारों को नहीं छोड़ेंगे

बीजिंग

चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा चीन में पिछले एक दशक का सबसे बड़ा कोयला खदान हादसा माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक विस्फोट शुक्रवार को शांक्सी प्रांत के किनयुआन काउंटी में हुआ। यह इलाका बीजिंग से करीब 520 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हादसे से पहले खदान में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का अलर्ट जारी किया गया था। इसके कुछ समय बाद जोरदार विस्फोट हुआ।

जिस समय धमाका हुआ, उस वक्त खदान के अंदर 247 मजदूर काम कर रहे थे। अभी यह साफ नहीं है कि कितने लोग अब भी अंदर फंसे हुए हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है।

हैरानी की बात यह है कि हादसे के तुरंत बाद शिन्हुआ ने शुरुआती रिपोर्ट में सिर्फ आठ मौत की जानकारी दी थी और कहा था कि 200 से ज्यादा मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बाद में अचानक मृतकों की संख्या बढ़कर 82 बताई गई। सरकारी मीडिया ने यह साफ नहीं किया कि आंकड़ा इतनी तेजी से कैसे बढ़ा।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हादसे के बाद बचाव टीमों को लापता लोगों को खोजने के लिए हर संभव कोशिश करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हादसे के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

## कुएं की मिट्टी धंसने से दो सगे भाइयों की मौत

### मोटर निकालने के दौरान हादसा, ढाई घंटे चला रेस्क्यू

करौली



करौली-सपोटरा के अमरगढ़ गांव में शनिवार को 40 फिट गहरे कुएं की मिट्टी में दबने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई। मोतीपुरा मार्ग स्थित एक पुराने कुएं में पानी की मोटर निकालने के दौरान अचानक मिट्टी धंस गई, जिससे दोनों भाई करीब 15 फिट नीचे मिट्टी में दब गए। ग्रामीणों ने करीब ढाई घंटे तक रेस्क्यू चलाकर दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सपोटरा थाना पुलिस, एसडीएम और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से घटनास्थल से दूर रहने की अपील की और पूरे मामले की जानकारी जुटाई।

सपोटरा थाना अधिकारी अबजीत कुमार ने बताया कि अमरगढ़ निवासी कमलेश (32) और मुकेश (35) पुत्र रामविलास, पुराने कुएं में मिट्टी के नीचे दबी पानी की मोटर निकालने का प्रयास कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे काम के दौरान अचानक कुएं की मिट्टी ढह गई और दोनों युवक मिट्टी में दब गए।

## बाबा बर्फानी का 6-7 फीट का शिवलिंग बना

### रास्ते में अब भी 12 फीट तक बर्फ जमी

श्रीनगर



अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बर्फ से बने शिवलिंग (बाबा बर्फानी) की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है।

इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी।

इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।

इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री-फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी।

फाइबर स्ट्रक्चर तापमान में अचानक गिरावट और बारिश से निपटने में कारगर रहेंगे। हर इमारत में 48 कमरे हैं। हर कमरे में अटैच्ड वॉशरूम हैं। गर्म-ठंडे पानी की सुविधाएं होंगी। हर इमारत में पैंट्री भी बनाई जा रही है। इन जगहों पर तीन साल पहले काम शुरू हुआ था, जो अब पूरा होने वाला है। इस साल सभी संवेदनशील हिस्सों और आपदा की आशंका वाले स्थानों को तीर्थयात्रियों के लिए 'नो-एंट्री जोन' घोषित किया गया है। बालटाल और नुनवान रास्तों के दोनों ट्रैक को चौड़ा किया गया है। पुलों को भी बेहतर बनाया गया है। बादल फटने और अचानक बाढ़ की घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील जगहों पर कैंप नहीं लगाए जाएंगे।

## पेड़ से टकराई कार, 3 बारातियों की मौत, 2 गंभीर घायल

श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को श्रीगंगानगर के सरकारी हॉस्पिटल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और शव सड़क और खेत में बिखर गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार, युवक नशे में गाड़ी चला रहा था। मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसा खिचियां गांव के पास दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ।

रावला थाना क्षेत्र के 4 KPD गांव निवासी गोपी राम के बेटे की शादी थी। बारात रायसिंहनगर के खिचियां गांव जा रही थी। 5 युवक पृथ्वी राम (24), मोहनलाल (24), गोविंद राम (23) निवासी 4 KLM, बाबूलाल (25) निवासी 4 KPD और राधेश्याम (25) निवासी 5 KYD स्विफ्ट डिजायर कार से बारात में जा रहे थे।

## पश्चिमी राजस्थान में भीषण गर्मी, आंधी-बारिश से मिली राहत

जयपुर

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार तेज बना हुआ है। पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार दोपहर बाद जयपुर सहित कई जिलों में आंधी और हल्की बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।



जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शेखावाटी क्षेत्र, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली और हल्की बारिश दर्ज की गई।

राज्य के शेष अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को जैसलमेर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। बाड़मेर में 45.1, फलोदी में 45.0, बीकानेर में 44.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ। वहीं पिलानी में 44.2, चित्तौड़गढ़ में 44.0 व कोटा में 43.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी राजस्थान में गर्म हवाओं का असर अधिक बना हुआ है। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर जैसे सीमावर्ती जिलों में तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, जिससे दिन के समय लू जैसे हालात बने रहे।

## स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ाई

बीकानेर

राजस्थान के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां (ग्रीष्मावकाश) 28 जून तक बढ़ा दी गई हैं। 22 जून से स्कूल खुलने थे। अब स्कूल 29 जून को खुलेंगे। छुट्टियां बढ़ाने को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के बैनर तले शिक्षकों का आंदोलन चल रहा था। सरकार ने शिक्षकों की मांगें मान ली हैं। संघ और शिक्षा विभाग के बीच शनिवार को समझौता हुआ।

समझौता पत्र पर शिक्षा मंत्री के विशिष्ट सहायक के हस्ताक्षर किए गए हैं। उधर, इस संबंध में अभी तक शिक्षा निदेशालय की ओर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही औपचारिक आदेश जारी किया जा सकता है। गर्मी की छुट्टियां इस सेशन में कम कर दी गई थीं। सरकार ने आदेश में कहा था कि स्कूल 22 जून से खुलेंगे। इसके बाद से शिक्षकों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। करीब 15 दिनों से शिक्षक आंदोलन पर थे। ब्लॉक लेवल तक शिक्षक धरना दे रहे थे। इस बीच, शनिवार सुबह शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के साथ हुई बैठक में समझौता हुआ।

इस सेशन में सरकार ने पहली बार प्रिंसिपल पावर की दो छुट्टियों को घटाकर एक कर दिया था। इसका भी शिक्षक विरोध कर रहे थे।

### चार दिवसीय भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो

# पीएम मोदी से मिले, सुरक्षा संबंधों पर चर्चा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया

नई दिल्ली



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई।

बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं।

रूबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया था।

### क्वाड को फिर से मजबूत करना चाहता हूं

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि विदेश मंत्री बनने के बाद उनकी पहली बड़ी बैठक क्वाड देशों के साथ हुई थी। अब अमेरिका फिर से क्वाड को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इस बार क्वाड बैठक भारत में करवाना सिर्फ औपचारिक फैसला नहीं है। इससे अमेरिका यह दिखाना चाहता है कि उसकी नजर में भारत कितना अहम देश है।

रुबियो ने कहा कि इंडो-पैसिफिक इलाके में अमेरिका की रणनीति में भारत की बहुत बड़ी भूमिका है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह समूह समुद्री सुरक्षा, व्यापार, नई तकनीक और चीन के बढ़ते असर जैसे मुद्दों पर साथ काम करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका, भारत के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा, कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंधों को लेकर कई नई और बड़ी घोषणाएं देखने को मिलेंगी। '

## ट्विशा का पति समर्थ 7 दिन की रिमांड पर

### एक्ट्रेस ट्विशा की मौत का सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लियाः सोमवार को सुनवाई करेगी

भोपाल



भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को चीफ जस्टिस की बेंच इस केस की सुनवाई करेगी। ट्विशा का पति समर्थ पुलिस हिरासत में है। शनिवार को उसे भोपाल जिला कोर्ट में पेश किया गया।

अभिनेत्री व मॉडल ट्विशा शर्मा के पति पर कानूनी शिकंजा कसता जा रहा है। शनिवार को भोपाल जिला कोर्ट ने मुख्य आरोपित और मृतका के पति समर्थ सिंह की 7 दिनों की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली।

साथ कोर्ट ने ट्विशा के परिजनों की गुहार पर कड़ा रुख अपनाते हुए आरोपित समर्थ का पासपोर्ट तत्काल जब्त करने के आदेश जारी कर दिया, ताकि वह देश छोड़कर भाग न सके। इससे पूर्व शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे पुलिस आरोपित समर्थ को जबलपुर से भोपाल लेकर आई थी और सुरक्षा के लिहाज से कटारा हिल्स थाने के बाहर बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल तैनात किया था। कोर्ट में पेशी से पहले आरोपित का मेडिकल टेस्ट भी कराया। ट्विशा के शव का दोबारा पोस्टमॉर्टम रविवार को कराया जाएगा। वहीं, ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के वकील एडवोकेट ज्ञानेंद्र शर्मा ने कहा पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाने के लिए 7 दिनों की रिमांड मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

इधर, ट्विशा के परिजनों ने सास गिरिबाला को मिली अग्रिम जमानत को चुनौती दी। परिजनों की ओर से भोपाल कोर्ट में गिरिबाला की जमानत निरस्त करने के लिए एक आवेदन दायर किया गया है, जिस पर अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी।

## नारनौल में पारदी गैंग का एनकाउंटर : सात बदमाश पकड़े गए, दो घायल

**-पकड़े गए सभी आरोपी मध्यप्रदेश के निवासी**

गुरुग्राम (एजेंसी)। नारनौल में सीआईए (क्राइम इंस्टिगेशन एजेंसी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय पारदी गैंग के सात शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हुड्डा सेक्टर के पास हुई साहसिक मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी, इसके बाद उन्हें इलाज के लिए महेंद्रगढ़ अस्पताल में भर्ती किया गया। यह पखवाड़े भर में हुई एनकाउंटर की दूसरी घटना है, जो एसपी के बदमाशों के खिलाफ सख्त एक्शन को दर्शाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब सवा तीन बजे सीआईए को सूचना मिली थी कि यह गैंग नारनौल में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाली है। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी नियंत्रित फायरिंग की। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी मध्य प्रदेश निवासी हैं। इनमें से एक पर 15,000 रुपये और दूसरे पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित था। करीब एक पखवाड़े पहले यही गैंग भिवानी और महेंद्रगढ़ में रात के समय रेकी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ था। पुलिस को अंदेशा है कि इस गैंग के पकड़े जाने से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के घर पर हुए हमले की वारदात का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस ने मौके से एक स्वचालित पिस्तौल, देसी कट्टा, कारतूस, वारदात में इस्तेमाल होने वाली गुलेलें, सरिया और वायर कटर भी बरामद किए हैं। पुलिस फिलहाल बदमाशों से गहन पूछताछ कर रही है।

## पश्चिम बंगाल : टीएमसी नेताओं पर कार्रवाई तेज, वासूल गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के बाद से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में, टीएमसी मजदूर संघ इकाई के अध्यक्ष शेख वासूल को लोगों को डराने-धमकाने, धोखाधड़ी करने और चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोपों में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुर्गापुर-फरीदपुर ब्लॉक के लाउदोहा इलाके से देर रात छापा मारकर शेख वासूल को पकड़ा। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी नेता वासूल पर नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके लोगों से मोटी रकम वसूलने और इलाके में अपना दबदबा बनने के लिए भय का माहौल पैदा करने का आरोप है। सूत्रों ने दावा किया कि उस पर विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को प्रभावित करने का दबाव बनाने के आरोप थे, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ा था। गिरफ्तारी के वक्त वासूल ने खुद को निर्दोष बताकर कहा कि वह 15 साल से पार्टी में है और उसके खिलाफ पहले कभी कोई शिकायत नहीं हुई। बताया जाता है कि उसके खिलाफ लंबे समय से कई शिकायतें दर्ज थीं। शुक्रवार सुबह वासूल को दुर्गापुर उपमंडल न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई तब हुई है, जब राज्य में राजनीतिक बदलाव के बाद से टीएमसी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की पकड़ मज़बूत हुई है। हाल ही में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया था, जो हालिया बड़ी गिरफ्तारियों में से एक थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, बोस पर दक्षिण दमदम नगर पालिका के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए करीब 150 उम्मीदवारों की सिफारिश करने के बदले आर्थिक लाभ लेने का आरोप है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि उसने कथित तौर पर कई लोगों को नगर निगम में नौकरी दिलाने में मदद करने के बदले फ्लैटों के रूप में अपराध की आय अर्जित की थी। जांचकर्ताओं ने दावा किया है कि उनसे जुड़े बैंक खातों में बड़ी मात्रा में नकदी जमा है। बोस को इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश होने के कुछ ही घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती, पंजाब सरकार का बड़ा अभियान



चंडीगढ (एजेंसी)। आवारा कुत्तों और पशुओं से बढ़ते खतरों पर सर्वोच्च न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के बाद पंजाब सरकार हरकत में आई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घोषणा की है कि राज्य में बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कल से आवारा तथा खतरनाक कुत्तों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होगा। मुख्यमंत्री मान ने इस फैसले के लिए सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद भी किया है। सीएम मान के अनुसार, पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर व्यापक कार्रवाई करेगी। इस घोषणा के साथ ही प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। संबंधित विभागों को तत्काल तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय, जबकि ग्रामीण इलाकों में पशुपालन तथा पंचायत विभाग मिलकर इस अभियान को अंजाम देगी। यह अभियान सड़कों, राजमार्गों, स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष रूप से केंद्रित रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था कि इन क्षेत्रों से आवारा कुत्तों की मौजूदगी रोकना प्रशासन की सीधी जिम्मेदारी है। पकड़े गए पशुओं को निर्धारित आश्रय स्थलों में रखा जाएगा, जहाँ उनके लिए भोजन, पानी और चिकित्सा की पर्याप्त व्यवस्था होगी। शीर्ष अदालत ने संस्थानों को अपने परिसरों की मजबूत घेराबंदी करने, नोडल अधिकारी नियुक्त करने और कुत्तों की नसबंदी तथा टीकाकरण के बाद उन्हें दोबारा उन्हीं परिसरों में न छोड़कर निर्धारित डॉग शेल्टर में रखने का भी निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त, राजमार्गों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु चौबीस घंटे गश्त करने वाली विशेष टीमें गठित करने और हेल्पलाइन नंबर वाले बोर्ड लगाने के आदेश दिए गए हैं। सभी अस्पतालों में एंटी रेबीज वैक्सीन का पर्याप्त भंडार रखने तथा स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने को कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हर जिले में कम से कम एक पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित करने पर भी जोर दिया है। अदालत ने चेतावनी दी है कि आदेशों के पालन में लापरवाही होने पर संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

# राहुल गांधी आज भी उसी बालक बुद्धि मानसिकता के साथ बर्ताव कर रहे

**-केंद्रीय मंत्री ने कहा- वे अपने पद की प्रतिष्ठा, गरिमा को महसूस नहीं कर रहे**



**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक होने और संसद में नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर बैठने के बावजूद अपने पद की प्रतिष्ठा, गरिमा और उत्तरदायित्व को महसूस नहीं कर पा रहे हैं। शेखावत ने कटाक्ष किया कि बच्चा तो बड़ा हो गया, लेकिन बुद्धि अभी बच्चे जैसी ही बनी है। वे आज भी उसी बालक बुद्धि मानसिकता के साथ बर्ताव कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि आज पूरी वैश्विक व्यवस्था चरमराई हुई है। दुनिया एक टर्बुलेंट जियोपॉलिटिकल सिचुएशन से गुजर रही है। विश्व अब मल्टीपोलर हो चुका है। ऐसे संकट के समय में पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है और हर देश भारत को अपना पार्टनर बनाने के लिए आतुर है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की यह बेहद सफल यात्रा देश के व्यापक हितों और भविष्य के विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक रही है। इस दौरान कटिंग एज टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, डिफेंस इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, नॉर्डिक देशों के साथ वॉटर टेक्नोलॉजी और नॉर्वे के साथ मोबिलिटी एग्रीमेंट जैसे बेहद अहम समझौते हुए हैं। वैश्विक ऊर्जा संकट के इस दौर में भारत के हितों के संरक्षण के लिए पीएम मोदी का यूनाइटेड अरब अमीरात का दौरा भी रणनीतिक रूप से बहुत अहम था।

शेखावत ने कहा कि दुर्भाग्य से उस बालक बुद्धि ने देश के व्यापक हितों से जुड़े इन गंभीर और ऐतिहासिक वैश्विक समझौतों को लेकर भी बचकानी टिप्पणियां कीं। गैर- जिम्मेदाराना बयानबाजी की और देश में एक फॉल्स नैरेटिव खड़ा करने की नाकाम कोशिश की। शेखावत ने पूर्व पीएम राजीव गांधी से जुड़ा एक उदाहरण सामने रखा। उन्होंने याद दिलाया कि जब तत्कालीन पीएम राजीव गांधी श्रीलंका के दौरे पर थे और गार्ड ऑफ ऑनर के समय उन पर हमला करने की कोशिश की गई थी, तब बीजेपी विपक्ष में थी और सदन में बीजेपी के 121 सांसद थे, जो कांग्रेस के मौजूदा 99 सांसदों की संख्या से कहीं बड़े थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष में होने के बावजूद हमने उस हमले को किसी एक दल या नेता पर नहीं, बल्कि भारत की प्रतिष्ठा और संप्रभुता पर हमला माना था। बीजेपी ने पूरी ताकत के साथ तत्कालीन कांग्रेस सरकार का साथ दिया था और उसकी कड़ी निंदा की थी। भारत में यह परंपरा रही है कि पीएम जब भी देश से बाहर जाते हैं तो सभी दल देश के व्यापक हितों को सर्वोपरि रखते हैं और कभी उन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं करते, लेकिन आज राहुल गांधी इस महान परंपरा को मटियामेट कर रहे हैं। शेखावत ने कहा कि देश की जनता अब उनके इस रवैये को अच्छी तरह समझ चुकी है। हाल में पांच राज्यों में हुए चुनावों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता ने चार राज्यों में कांग्रेस को नकार दिया है। उन्होंने तंज कसा कि राहुल गांधी की इसी बच्चा बुद्धि और कमजोर लीडरशिप के कारण कांग्रेस अब सिमटते-सिमटते दक्षिण में सिर्फ केरल और उत्तर में हिमाचल प्रदेश जैसे एक छोटे से राज्य तक ही सीमित रह गई है। शेखावत ने कहा कि जिस तरह की मानसिकता के साथ कांग्रेस की लीडरशिप काम कर रही है, अब तो बस इसी बात का इंतजार है कि जनता कब इन्हें राजनीतिक हाशिए से भी पूरी तरह खत्म कर देगी।

## थिरुवनचूर राधाकृष्णन चुने गए केरल विधानसभा के स्पीकर, सभी दलों ने दी बधाई

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। सात बार के कांग्रेस विधायक थिरुवनचूर राधाकृष्णन को शुक्रवार को केरल विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। यह चुनाव एक ऐतिहासिक त्रिकोणीय मुकाबले के बाद हुआ, जिसने राज्य में नए राजनीतिक समीकरणों को उजागर किया। केरल विधानसभा के स्पीकर पद के चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ है कि सदन में प्रतिनिधित्व करने वाले तीनों राजनीतिक गठबंधनों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे थे। सत्तारूढ़ यूडीएफ ने अनुभवी विधायक थिरुवनचूर राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया जबकि वाम मोर्चे ने पूर्व मंत्री एसी मोइदीन को मैदान में उतारा और एनडीए ने अपने तीन सदस्यीय दल के सदस्य बीबी गोपकुमार को प्रत्याशी बनाया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रोटेम स्पीकर जी सुधाकरण ने रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका निभाई और मतदान में हिस्सा नहीं लिया। कुल 139 विधायकों ने मतदान किया। परिणाम घोषित करते हुए उन्होंने बताया कि राधाकृष्णन को 101 वोट मिले, मोइदीन को 35 और गोपकुमार को 3 वोट मिले। घोषणा के बाद सदन में जोरदार मेज-थपथाई गई और दलों के सदस्य उन्हें बधाई देने आगे आए। एक प्रतीकात्मक और संसदीय परंपरा को दर्शाने वाले दृश्य में सीएमए वीडी सतीशन और विपक्ष के नेता पिनराई विजयन ने संयुक्त रूप से नए स्पीकर को उनकी कुर्सी तक पहुंचाया। सीएम सतीशन ने उन्हें विनम्र और परिपक्व व्यवहार वाला आदर्श नेता बताते हुए कहा कि वे पहले छात्र आंदोलन के दिनों में भी उनके लिए नारे लगाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि राधाकृष्णन ने करीब 17 विभाग संभाले हैं और अपने क्षेत्र के विकास पर लगातार ध्यान दिया है। विजयन ने भी उनके लंबे संसदीय और सार्वजनिक जीवन के अनुभव की तारीफ की और विश्वास जताया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभाएंगे।



## दिल्ली में हर कहीं नहीं दे सकते कुर्बानी



**-नहीं माने तो होगी सख्त कार्वाई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बकरीद के मद्देनजर दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने पशु कल्याण संबंधी कानूनों का सख्ती से पालन करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि दिल्ली की सड़कों, गलियों, बाजारों या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी देने और पशुओं की खरीद-बिक्री करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कुर्बानी केवल सरकार द्वारा निर्धारित वैध स्थलों पर ही की जा सकेगी। विकास मंत्री ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में गाय, बछड़े, ऊंट और अन्य प्रतिबंधित पशुओं की हत्या या कुर्बानी पर पूरी तरह रोक है।

यह पूरी तरह से गैर-कानूनी है और ऐसा करने वालों पर सीधे आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाएगा। नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए विकास मंत्री ने अवैध पशु परिवहन, अवैध कुर्बानी और पशु क्रूरता के मामलों में विशेष निगरानी रखने और कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।सरकार ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा, स्वच्छता बनाए रखने के लिए भी सख्त हिदायत दी गई है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि कुर्बानी के बाद कचरे को नालियों और सड़कों पर फेंकने या सीवर में वेस्ट और खून बहाने पर पूरी तरह रोक रहेगी। इससे गंदगी और बीमारियां फैलने का खतरा रहता है, इसलिए ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने आम जनता से भी इन नियमों का पालन करने की अपील की है। मंत्री ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति इन गाइडलाइंस का उल्लंघन करता हुआ पाया जाता है, तो नागरिक तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें ताकि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# भोजशाला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर, आदेश के बाद पढ़ेंगे नमाज

**-अब्दुल समद ने कहा- मुस्लिम समाज ने हमेशा सौहार्द और शांति का पालन किया**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। हाईकोर्ट ने 15 मई को दिए गए अपने फैसले में भोजशाला परिसर को मंदिर बताया है। वहीं, इस फैसले के बाद अब मुस्लिम समाज को यहां नमाज पढ़ने की परमिशन नहीं दी गई है। यह पहला शुक्रवार है जब भोजशाला में जुम्मे की नमाज नहीं होगी। इस फैसले के बाद सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात है। प्रशासन ने इलाके में शांति बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम उठाए हैं। कोर्ट के आदेश के मुताबिक शुक्रवार के दिन हिंदू समुदाय को पूजा-अर्चना की अनुमति दी गई है और वे पूरे दिन धार्मिक कार्यक्रम कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कमल मौलाना वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने कहा कि उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई है। उन्होंने बताया कि जो मुद्दा वे हाईकोर्ट में नहीं उठा सके, उसे अब सुप्रीम कोर्ट के जरिए रखा जाएगा। उनका कहना है कि वे यह साबित करने की कोशिश करेंगे कि वहां लंबे समय से नमाज अदा की जाती रही है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वे फिर से नमाज शुरू करेंगे। उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील की। सोसाइटी ने हमेशा सौहार्द और शांति का पालन किया है और आगे भी इसी तरह शांति बनाए रखेगी। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के इस फैसले को गलत बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। समद खान ने कहा कि मुस्लिम समाज न्यायालय के फैसले का सम्मान करता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में एसएलपी दायर कर दी गई है और जल्द ही स्टे मिलने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सुप्रीम कोर्ट से कोई नया आदेश नहीं आता, तब तक मुस्लिम समाज भोजशाला परिसर में नमाज नहीं पढ़ेगा और लोग अपने घरों या नजदीकी मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अदा करेंगे।

वहीं शहर काजी वकार सादिक ने भी कहा कि समाज शांति बनाए रखे और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है और वहां से जो भी फैसला आएगा, उसका पालन किया जाएगा। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि भोजशाला एक मंदिर और संस्कृत शिक्षा का केंद्र रहा है। इसके साथ ही परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का नियंत्रण जारी रहेगा। इस फैसले के बाद से क्षेत्र में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम शुरू

**- सिलीगुड़ी में नई सरकार के फैसले से ग्रामीणों ने ली राहत की सांस**



**सिकंदराबाद (एजेंसी)।** सिलीगुड़ी (ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में सिलीगुड़ी अनुमंडल के फांसीदेवा क्षेत्र में शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश सीमा पर कंटीली बाड़ (फेंसिंग) लगाने का काम शुरू हो गया। यह कदम राज्य सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को 27 किलोमीटर भूमि के साथ-साथ बॉर्डर आउटपोस्ट और अन्य बुनियादी ढांचे के लिए अतिरिक्त जमीन सौंपने के बाद उठाया गया है। इससे संवेदनशील अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था काफी मजबूत होने की उम्मीद है। इस विकास कार्य से स्थानीय सीमावर्ती निवासियों ने भारी राहत व्यक्त की है। लंबे समय से असुरक्षा का सामना कर रहे ग्रामीणों ने इसे एक बड़ा और जरूरी कदम बताया। स्थानीय निवासी अनिल घोष ने कहा, इस सीमावर्ती इलाके में पहले सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं थी। यहां का माहौल इतना खौफनाक था कि बयां नहीं किया जा सकता। हम मवेशी तक नहीं पाल सकते थे, क्योंकि उन्हें पालने का मतलब बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के हवाले करना था। यह सिर्फ बंगाल की नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा का मामला था। आज नई सरकार और नए मुख्यमंत्री के प्रयासों से हम खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक अन्य ग्रामीण नारायण साहा ने बताया कि पहले की मांगें अनसुनी कर दी गई थीं, लेकिन सुवेंदु अधिकारी के कार्यभार संभालते ही महज 10 दिनों के भीतर बीएसएफ को खुली छूट मिल गई, जिससे अब लोग चैन की नींद सो सकेंगे। ग्रामीण शिवम मोदक ने भी इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम बताया। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने जमीन देने में सहयोग नहीं किया, जिससे सीमा सुरक्षा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट बैठक में ही जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया गया था, जिसे 45 दिनों के भीतर केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंप दिया जाएगा ताकि बीएसएफ बाड़ लगाने का काम पूरा कर सके।

# कॉकरोच जनता पार्टी से चुनाव लड़ने का मन है : अब्बास अंसारी




**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर पूर्वांचल के राजनीतिक गलियारों में सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी बीच मऊ सदर सीट से विधायक और दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने सबको चौंका दिया है। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे अब्बास अंसारी से जब साइकिल के सिंबल पर चुनाव लड़ने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि उन्हें कॉकरोच जनता पार्टी पसंद आ रही है और वह इसी के सिंबल पर चुनाव लड़ने की सोच रहे हैं। विधायक का यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते अब्बास अंसारी ने व्यंग्य करते हुए कहा कि एक कॉकरोच पार्टी आई है और वह सोच रहे हैं कि क्यों न उसी से चुनाव लड़ा जाए। उन्होंने कहा कि इस काल्पनिक पार्टी के मुद्दे उन्हें काफी पसंद आ रहे हैं और उनके कई जानने वाले लोग इसमें शामिल भी हो चुके हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हंसते हुए कहा कि अगर यहाँ इसका कोई कार्यालय खुला हो, तो उन्हें भी सदस्यता दिला दी जाए। दरअसल, अब्बास अंसारी ने जिस कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जिक्र किया, वह कोई वास्तविक राजनीतिक दल नहीं है। यह सोशल मीडिया पर शुरू हुआ एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन अभियान (डिजिटल मूवमेंट) है, जिसे विदेश में रहने वाले एक भारतीय युवक अभिजीत दिपके ने शुरू किया था। युवाओं के बीच यह अभियान बेहद कम समय में काफी लोकप्रिय हो गया है। अब्बास अंसारी लंबे समय के बाद अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय नजर आए हैं। वह सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी कमलेश बहादुर से मुलाकात कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपी और जिला प्रशासन को अपने क्षेत्र भ्रमण की जानकारी दी। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी के कार्यालय पहुंचे और जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ करीब एक घंटे तक बैठक की। अब्बास अंसारी ने स्पष्ट किया कि अब वह अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही क्षेत्र में उनकी यह सक्रियता अचानक बढ़ गई है।

# जल्द खत्म हो जाएगा पेट्रोल-डीजल? एलपीजी के लिए मचेगा हाहाकार!



**-बाबा वेंगा की डरा रही है भविष्यवाणी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस वक्त पूरा विश्व बड़े ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्त-व्यस्त थी, और अब अमेरिका व ईरान के बीच बढ़ता तनाव इस संकट को और गहरा कर रहा है। भू-राजनीतिक तनाव के इस माहौल के बीच, बुल्गारिया की भविष्यवक्ता बाबा वेंगा की एक कथित भविष्यवाणी इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसने आम जनमानस की चिंताओं को बढ़ा दिया है। अतीत में उनकी कई भविष्यवाणियों के सच होने के दावों के कारण लोग इस नई चेतावनी को लेकर भी आशंकित हैं।

इंटरनेट पर चल रहे दावों के अनुसार, बाबा वेंगा ने वर्ष 2026 के लिए एक बड़ी चेतावनी दी थी, जिसके मुताबिक दुनिया को एक भीषण ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति में अत्यधिक कमी आने की बात कही गई है। वर्तमान परिस्थितियों को देखें तो कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने की आशंका इस डर को और पुख्ता कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह रणनीतिक जलमार्ग बाधित होता है, तो यातायात के साधनों में ठहराव आ सकता है।

इस संकट का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि एलपीजी और सीएनजी की कीमतों में भी भारी उछाल देखने को मिल रहा है। इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई के बजट पर पड़ रहा है। कई देशों में डीजल के लिए वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं, वहीं ढाबों और होटलों में जरूरत के मुताबिक गैस सिलेंडर न मिलने से मुश्किलें बढ़ गई हैं। विश्लेषकों का कहना है कि जब तक ईरान-अमेरिका संघर्ष पर विराम नहीं लगता, तब तक वैश्विक सप्लाई चेन का सामान्य होना मुश्किल है। हालांकि, बाबा वेंगा की इन भविष्यवाणियों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियां इस संकट को हकीकत में बदलती हुई दिखा रही हैं।

# नेहरू उद्यान बदहाली पर बहा रहा आंसू, 18 करोड़ से बदलेगी तस्वीर







स्मार्ट हलचल | पवन बावरी

**भीलवाड़ा।** शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले नेहरू उद्यान की हालत बद से बदतर हो चुकी है। झुकी और ध्वस्त हुई दीवारें नगर विकास न्यास के रखरखाव की पोल खोल रही हैं। टूटे झूले और फैली अव्यवस्था जिम्मेदार अधिकारियों की मॉनिटरिंग पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कभी शहर की सुंदर जगहों में शुमार नेहरू पार्क अब कबाड़ और टूटी दीवारों में तब्दील हो गया है। उद्यान में स्थित धांधोलाई तालाब, जिसे धर्म तलाई के नाम से भी जाना जाता है, नालों का गंदा पानी इकट्ठा होने से दूषित होकर बदबू मार रहा है। गर्मी की छुट्टियों में भी बच्चों की पसंदीदा टॉय ट्रेन ना के बराबर चलती है, जिससे पार्क में आने वालों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों से लगातार गिरावट आई है। लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए झूले टूट चुके हैं और फव्वारे बंद पड़े हैं।

पार्क जगह-जगह शराब की बोतलों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। कॉलोनीवासियों द्वारा कई बार पुलिस को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बारिश में पानी भर जाने से जंगली जीव-जंतुओं का खतरा भी बना रहता है। असामाजिक तत्वों के डर से आम लोग पार्क में आने से कतराने लगे हैं।

### विधायक ने लिया संज्ञान, अधिकारियों पर जताई नाराजगी

विधायक अशोक कोठारी ने पार्क का निरीक्षण कर राज्य सरकार को अवगत कराया था। इसके बाद सरकार ने 18 करोड़ रुपये की लागत से नेहरू उद्यान के नवनिर्माण को मंजूरी दी है। विधायक कोठारी ने कहा, ‘भीलवाड़ा के हृदय स्थल कही जाने वाली नेहरू तलाई का विकास अब बहुत जरूरी हो गया है। आने वाले समय में यह तलाई आधुनिक स्वरूप में नजर आएगी। पर्यटन की दृष्टि से पार्क का डेवलपमेंट किया जाएगा, जिससे शहर को नई पहचान मिलेगी। ‘ उन्होंने अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा, ‘यदि समय पर इस पार्क का रखरखाव किया गया होता तो आज हालात इतने खराब नहीं होते। भीलवाड़ा के विकास के लिए नगर निगम और नगर विकास न्यास को सही ढंग से काम करना बेहद जरूरी है। ‘

### यूआईटी ने बताया- दो साल में पूरा होगा काम

नगर विकास न्यास के अधिशासी अभियंता रामप्रसाद जाट ने बताया कि यूआईटी द्वारा ‘री-डेवलपमेंट एंड ब्यूटीफिकेशन ऑफ नेहरू तलाई एंड राजीव गांधी उद्यान’ नाम से एक संयुक्त प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसकी कुल लागत लगभग 18 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, ‘इस कार्य को पूरा होने में दो वर्ष का समय लगेगा। टेंडर हो चुके हैं और दर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। आदेश मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ‘ जाट ने बताया कि पाल की दीवारों की मरम्मत की जाएगी, अलग से पार्किंग सुविधा विकसित होगी और बच्चों की टॉय ट्रेन के रूट में गुफा का निर्माण होगा। पटरियों और टूटे झूलों की मरम्मत कराई जाएगी। धांधोलाई तालाब का भी जीर्णोद्धार किया जाएगा।



### बड़ा सवाल- रखरखाव का पैसा कहां गया?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि राज्य सरकार प्रतिवर्ष पार्कों के रखरखाव पर लाखों रुपये खर्च करती है, फिर भी हालात जस के तस हैं। लोगों का कहना है कि ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से नेहरू उद्यान की यह हालत हुई है। 18 करोड़ की लागत से होने वाले नवनिर्माण के बाद नेहरू उद्यान के नए रूप में लौटने की उम्मीद है।

### पुलिस टीम की मेहनत लाई रंग

# 6 साल से फरार आरोपी को बेंगलुरु से धर दबोचा

स्मार्ट हलचल | राजसमंद



भीम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजे तक पहुंचाया है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल गौतम, कांस्टेबल रितेश चौधरी और नरेंद्र मीणा की अहम भूमिका रही। तीनों पुलिसकर्मियों की सतर्कता,मेहनत और टीम वर्क के चलते आखिरकार आरोपी को बेंगलुरु (कर्नाटक) से डिटेन कर भीम लाया गया। गिरफ्तार आरोपी तरुण मांडोत पुत्र महावीर कुमार मांडोत निवासी निचला बाजार,थाना भीम जिला राजसमंद का रहने वाला है, जो लंबे समय से कर्नाटक में रहकर कार्य कर रहा था। आरोपी के खिलाफ एसीजेएम बाल न्यायालय राजसमंद और एसीजेएम भीम न्यायालय में विभिन्न मामले दर्ज थे,जिनमें वह लंबे समय से फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था,लेकिन भीम थाना पुलिस की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। हेड कांस्टेबल गौतम,कांस्टेबल रितेश चौधरी और नरेंद्र मीणा ने मिलकर तकनीकी जानकारी जुटाई,आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखी और सटीक रणनीति तैयार की। टीम की लगातार मेहनत और समर्पण के चलते आरोपी की लोकेशन बेंगलुरु में ट्रेस हुई,जिसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। तीनों पुलिसकर्मियों ने पूरी कार्रवाई के दौरान टीम भावना के साथ कार्य किया और फरार आरोपी को पकड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस विभाग के प्रति उनका समर्पण,कर्तव्यनिष्ठा और अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैया इस कार्रवाई में साफ दिखाई दिया। क्षेत्र में भी पुलिस टीम की इस सफलता की जमकर सराहना हो रही है। भीम थाना पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान कुल 4 वारंटों का निस्तारण किया गया। भीम पुलिस की इस सफलता को क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।


# लाडपुरा: डामटी-खोखरा बांध की जर्जर मोरी से किसान बेहाल, 5 साल से व्यर्थ बह रहा पानी; आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल


**लाडपुरा।** पंचायत क्षेत्र के डामटी-खोखरा बांध की बदहाली और सिंचाई विभाग की अनदेखी से क्षेत्रीय किसान भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। पिछले पांच साल से अधिक समय से बांध की एक तरफ की मोरी (निकासी द्वार) टूटी हुई है, जिसके कारण बारिश का बेशकीमती पानी व्यर्थ बह जाता है। हालात यह हैं कि जिस बांध में पहले गर्मियों में भी लबालब पानी भरा रहता था, वह अब मोरी से रिसाव के कारण समय से पहले ही सूख जाता है।

### 5 साल से इन गांवों को नहीं मिला पानी, भूजल स्तर गिरा

मोरी के साथ-साथ बांध के पास बनी छोटी नहर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। इसी नहर से रबी की



फसल की सिंचाई होती है, लेकिन इसके टूटे होने से पानी खेतों तक पहुंचने के बजाय रास्ते में ही बर्बाद हो जाता है। इसका खामियाजा लाडपुरा, अमरतिया, झोपड़ा व चित्तौड़िया के किसानों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें पिछले 5 सालों से नहर का पानी नसीब नहीं हुआ है। पानी के लगातार व्यर्थ बहने और बांध खाली होने से क्षेत्र का भूजल स्तर भी निरंतर गिरता जा रहा है,



जिससे पेयजल और सिंचाई का संकट गहराने लगा है।

### सिंचाई विभाग बेपरवाह, अब आंदोलन की राह पर किसान

स्थानीय बांध समिति के पूर्व अध्यक्ष ओम जी जोशी और अन्य ग्रामीणों ने कई बार सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक विभाग ने मरम्मत की कोई सुध नहीं ली है। अधिकारियों की इस बेपरवाही से आक्रोशित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बांध की मोरी और नहर का मरम्मत कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो मजबूर होकर ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करना पड़ेगा।

### देवरी नला बांध भी जर्जर

डामटी-खोखरा के अलावा लाडपुरा क्षेत्र का ‘देवरी नला बांध’ भी जर्जर अवस्था में है, जिससे किसान चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि वे जल्द इस बांध का भी मौका मुआयना करें और समय रहते इसकी मरम्मत करवाएं ताकि किसी संभावित नुकसान से बचा जा सके और किसानों को राहत मिले।

# हाईवे पर अचानक आई गाय बनी हादसे की वजह, टेंपो ट्रैवलर पलटा, कई घायल, 2 किलोमीटर लंबा जाम

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** जयपुर-उदयपुर नेशनल हाईवे-48 पर शनिवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मांडल क्षेत्र स्थित खंडेश्वर जी मंदिर के पास अचानक हाईवे पर गाय आ जाने से यात्रियों से भरा एक टेंपो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर गाय से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपो ट्रैवलर में सवार यात्री सीकर से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए जा रहे थे। यात्रा के दौरान तड़के करीब चार बजे जैसे ही वाहन खंडेश्वर जी मंदिर के निकट पहुंचा, तभी अचानक एक गाय



हाईवे पर आ गई। चालक के वाहन को संभालने के प्रयास के बावजूद टक्कर हो गई और वाहन असंतुलित होकर पलट गया।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क पर पलटने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई। सुबह के समय हाईवे पर गुजरने वाले अन्य वाहन चालक भी काफी देर तक जाम में फंसे रहे।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत और मेल नर्स गिरिराज पायक ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को वाहन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया तथा उन्हें उप जिला चिकित्सालय मांडल पहुंचाया।

हादसे में संतोष पोद्दार (48), किशन पोद्दार (45), दुर्गा पोद्दार (44), मनीषा पोद्दार (42), सीमा पोद्दार (36) एवं विनय पोद्दार (23) घायल हुए। चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर उपचार के लिए रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है।

वहीं टक्कर में गाय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाया गया, जिसके बाद धीरे-धीरे यातायात व्यवस्था बहाल हो सकी।

गौरतलब है कि नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की मौजूदगी लगातार हादसों का कारण बन रही है। पूर्व में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पाने से वाहन चालकों में चिंता बनी हुई है।

# न्याय विभाग की नेम प्लेट लगी कार का कथित दुरुपयोग, रायला में घूमती दिखी सरकारी गाड़ी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले के रायला कस्बे में शनिवार को न्याय विभाग की नेम प्लेट लगी एक क्विड कार को घूमते हुए देख लोगों में आश्चर्य और चर्चा का माहौल बन गया। कार नंबर ‘छ्व 06 ष्ठ्ठ 0691 पर न्याय विभाग की प्लेट लगी होने से आमजन में सवाल खड़े होने लगे कि आखिर राजकीय अवकाश के दिन सरकारी वाहन किस कार्य से उपयोग में लिया जा रहा था।स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी नेम प्लेट लगे वाहन का निजी उपयोग करना नियमों के खिलाफ है। लोगों ने ऐसे मामलों में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की



मांग उठाई है।

जानकारी के अनुसार उक्त वाहन रायला क्षेत्र में किसी रिश्तेदारी में आया हुआ था, जहां चालक अपने परिजनों को मिलवाने के लिए वाहन लेकर पहुंचा था। मामले को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। बसपा नेता घनश्याम लोट ने मामले की जानकारी देते हुए प्रशासन से सरकारी वाहनों के दुरुपयोग पर निगरानी रखने की मांग की।

# पुलिस कप्तान सागर राणा ने संभाली कमान, एसपी यादव ने सौंपा चार्ज, नए एसपी बोले हर सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

हाल ही में निकली पुलिस अधीक्षकों की तबादला सूची में भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव का तबादला चित्तौड़गढ़ हुआ था और भीलवाड़ा में उनकी जगह एसपी सागर राणा को लगाया गया जिसके बाद शनिवार को शुभ मुहूर्त में नवनियुक्त एसपी राणा ने पदभार ग्रहण कर लिया है । इस दौरान तत्कालीन पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने उन्हें चार्ज सौंपा वही पुलिस अधिकारियों ने उनकी अगवानी की ओर गार्ड ऑफ ऑनर दिया । पुलिस अधीक्षक राणा इससे पूर्व सांचौर ओर दौसा में एसपी पद पर कार्य कर चुके है । उनके सामने भीलवाड़ा में



कानून व्यवस्था को बनाए रखने, यातायात प्रबंधन और साइबर अपराधों पर नियंत्रण जैसी अहम जिम्मेदारियां हैं । पदभार के दौरान उन्होंने कहा अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना और पीड़ित लोगों को त्वरित राहत दिलाना शामिल है । पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता में विश्वास कायम करना है और वह ऐसा माहौल तैयार करेंगी जिसमें महिलाओं को अपनी शिकायत लेकर थाने जाने में डर न लगे । वही सूत्रों के अनुसार नए एसपी के पदभार संभालने के साथ कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जा सकता है। पुलिस तंत्र में भारी फेरबदल की सुगबुगाहट है।

# राजस्थान में स्कूल 29 जून से खुलेंगे, ग्रीष्मावकाश 28 जून तक बढ़ा

### शिक्षक संगठनों से वार्ता के बाद आंदोलन स्थगित



स्मार्ट हलचल | बूंदी/जयपुर

राजस्थान में सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मावकाश के बाद शैक्षणिक सत्र अब 29 जून से शुरू होगा। पहले यह 21 जून से शुरू होना था। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री के साथ हुई बैठक में शिक्षक संगठनों की मांगों पर सहमति बनने के बाद यह निर्णय लिया गया।

शिक्षा मंत्री के कार्यालय में 22 मई को हुई बैठक में शिक्षकों की विभिन्न तात्कालिक समस्याओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पुष्करणा, महामंत्री महेन्द्र कुमार लखारा सहित संघ के पदाधिकारी और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में तय हुआ कि संस्था प्रधानों को मिलने वाला अधिकृत अवकाश पहले की तरह 2 दिन ही रहेगा। इसके लिए शिविरा पंचांग में आवश्यक संशोधन के निर्देश दे दिए गए हैं।

इसके अलावा समानीकरण, स्टाफिंग पैटर्न, तृतीय श्रेणी पदोन्नति, गैर-शैक्षणिक कार्यों, संविदाकर्मी नियम और शिक्षक-शिक्षार्थी हित से जुड़े अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इन पर यथोचित निर्णय लेने पर सहमति बनी।

शिक्षा मंत्री के सकारात्मक रुख और मांगों पर बनी सहमति के बाद संगठन प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की। इस फैसले से राज्य के लाखों विद्यार्थियों और शिक्षकों को राहत मिली है।

# मुख्य सचिव ने नीट यूजी-2026 परीक्षा के सुरक्षित आयोजन हेतु व्यापक तैयारियों के दिए निर्देश

### संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर विशेष निगरानी एवं कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश, परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर

स्मार्ट हलचल | जयपुर/भीलवाड़ा

मुख्य सचिव वी. निवास ने शनिवार को शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा 21 जून 2026 को आयोजित की जाने वाली नीट यूजी-2026 परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि परीक्षा का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुरक्षित संचालन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन को समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ह्वश्वश्व’ जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी हुई है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील



परीक्षा केंद्रों एवं जिलों की विशेष निगरानी करने, पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर सतत निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचनाओं एवं अफवाहों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को भी कहा।

मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों का पूर्व निरीक्षण करने, परीक्षा दिवस हेतु ट्रैफिक एवं भीड़ प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी निगरानी एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह व्यवस्थित रहे तथा बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान जांच एवं प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी प्रकार की नकल, प्रतिरूपण अथवा अनुचित गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में एनटीए महानिदेशक/डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य में 27 जिलों के 611 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 2.09 लाख परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन 21 जून 2026 को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक किया जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि केंद्र अधीक्षकों, सिटी को-ऑर्डिनेटर्स एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के बीच संस्थागत समन्वय को और मजबूत किया जा रहा है। परीक्षा सामग्री एवं ह्वरू शीट्स के सुरक्षित परिवहन एवं संरक्षण हेतु भी विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य सचिव ने चिकित्सा विभाग को परीक्षा दिवस पर आवश्यक चिकित्सा सहायता एवं एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को साइबर निगरानी एवं तकनीकी समन्वय, ऊर्जा विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को तथ्यात्मक एवं समयबद्ध सूचना प्रसारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा परीक्षा की सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर समन्वय समितियों को सक्रिय कर परीक्षा संचालन की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

बैठक में प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मती गायत्री ए. राठौड़, प्रमुख शासन सचिव परिवहन भवानी सिंह देथा, शासन सचिव उर्जा सु आरती डोगरा सहित उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, गृह, स्कूल शिक्षा प्रमुख चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार, ऊर्जा,ह्व’, एसओजी, ह्लष्ट, राजमेस के अधिकारी उर्पास्थत रहे। जबकि सभी संभागीय आयुक्त, पुलिस आयुक्त, जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# मिलावटखोरों पर शिकंजा, 1450 लीटर मिलावटी व खट्टा दूध नष्ट

स्मार्ट हलचल | जयपुर / भीलवाड़ा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में मिलावटखोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1450 लीटर मिलावटी एवं खट्टा दूध नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि कालाडेरा क्षेत्र स्थित कृष्णा दूध डेयरी पर कार्रवाई के दौरान करीब 700 लीटर दूध खट्टा और बदबूदार पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। साथ ही दूध के नमूने जांच के लिए भेजे गए और डेयरी संचालक को नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान एक टैंकर में करीब 750 किलो दूध प्रारंभिक जांच में अमानक पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

# वन्दे मातरम् के जयघोष से गूंजा शाहपुरा, शहीद प्रताप सिंह बारहठ की 133वीं जयंती पर गुजरात रवाना हुई राष्ट्रभक्ति यात्रा

स्मार्ट हलचल




**शाहपुरा।** शाहपुरा की वीरभूमि शनिवार को एक बार फिर राष्ट्रभक्ति, शौर्य और सनातन संस्कृति के रंग में रंग उठी। भारत माता के जयघोष, 'वन्दे मातरम' के सामूहिक गान और देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के बीच शहीद प्रताप सिंह बारहठ की 133वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले 'शहीद वंदना समारोह' में भाग लेने के लिए शाहपुरा से सोमनाथ गुजरात तक निकलने वाली 'वन्दे मातरम् यात्रा 2026' को विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि 'देशभक्ति और गौरव के अनूठे संगम के साथ आज वन्दे मातरम् यात्रा 2026 का शुभारंभ हुआ है। यह यात्रा केवल शाहपुरा से सोमनाथ तक का सफर नहीं, बल्कि भारत माता के अमर सपूतों के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है।' उन्होंने कहा कि ठाकुर केसरी सिंह बारहठ, कुंवर प्रताप सिंह बारहठ और जोरावर सिंह बारहठ की त्रिमूर्ति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की अमिट पहचान है। उनके त्याग, तप और राष्ट्रप्रेम की गाथाएं सदैव युवाओं को प्रेरित करती रहेंगी।

कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर भाजपा अध्यक्ष पंकज सुगंधी और रमेश मारू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

क्रांति तीर्थ शाहपुरा से प्रारंभ हुई यह यात्रा केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद, बलिदान और भारतीय संस्कृति के गौरव का जीवंत संदेश बनकर निकली। बस में सवार युवाओं, महिलाओं और समाजजनों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था, जबकि वातावरण 'भारत माता की जय', 'वन्दे मातरम' और 'अमर शहीद प्रताप सिंह बारहठ अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। हर चेहरे पर देशभक्ति का उत्साह और शहीदों के प्रति श्रद्धा साफ झलक रही थी।

इस समारोह में देशभर से हजारों राष्ट्रभक्तों और समाजजनों के शामिल होने की संभावना है। शाहपुरा से रवाना हुई यह यात्रा भीलवाड़ा, मेघटिया, ककरोली, नाथद्वारा, एकलिंगजी, उदयपुर और हिम्मतनगर होते हुए गुजरात पहुंचेगी। सात दिवसीय इस यात्रा के दौरान प्रतिदिन कार्यक्रम का शुभारंभ और समापन 'वन्दे मातरम्' गान और शहीद वंदना के साथ किया जाएगा। यात्रा के दौरान शहीद स्मारकों और तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

प्रताप सेवा संसथान के सचिव कैलाश सिंह जाड़ावत ने बताया कि वन्दे मातरम् यात्रा बारहठ परिवार के सात सौ वर्षों पुराने गौरवशाली इतिहास, धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा और स्वाभिमान की स्मृतियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि बारहठ परिवार की त्याग और बलिदान की गाथाएं नई पीढ़ी तक पहुंचाना आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, ताकि युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण, संस्कृति के प्रति गौरव और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो सके।

उन्होंने बताया कि महान क्रांतिकारी ठाकुर केसरी सिंह बारहठ परिवार की राष्ट्रसेवा और बलिदान की परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रताप सिंह बारहठ सेवा संस्थान द्वारा पूर्व में राष्ट्र गौरव क्रांति रथ यात्रा 2012, मेवाड़ गौरव यात्रा 2018 और अमृत कलश यात्रा 2022 का आयोजन किया जा चुका है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में 'वन्दे मातरम् यात्रा' आयोजित की जा रही है।

इतिहास के पन्नों को याद करते हुए जाड़ावत ने बताया कि लगभग 700 वर्ष पूर्व गुजरात की बरवड़ी माता ने महाराणा हम्मीर सिंह सिसोदिया को चित्तौड़ विजय का आशीर्वाद दिया था। साथ ही अपने पुत्र बारू चारण को 500 घुड़सवारों के साथ भेजकर चित्तौड़ पर महाराणा का अधिकार स्थापित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज भी चित्तौड़गढ़ में बरवड़ी माता का मंदिर अन्नपूर्णा माता के नाम से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। इसी गौरवशाली वंश परंपरा में केसरी सिंह बारहठ का परिवार आता है।

उन्होंने यह भी बताया कि गुजरात के महान संत स्वामी दयानंद सरस्वती के शिष्य ठाकुर कृष्ण सिंह बारहठ रहे थे। वहीं महान क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा को भी मेवाड़ में आमंत्रित करने का श्रेय बारहठ परिवार को जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा रियासतों के एकीकरण के समय शाहपुरा पहली रियासत थी जिसने स्वेच्छा से भारत संघ में विलय किया था।

24 मई को गुजरात के खंभालिया में शहीद प्रताप सिंह बारहठ की जयंती पर भव्य शहीद वंदना समारोह आयोजित होगा। इस दौरान 'केसरी सिंह बारहठ पुरस्कार' वीरांजलि आयोजन समिति गुजरात को 51 हजार रुपये नकद और स्मृति चिह्न के साथ प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 'जोरावर सिंह बारहठ पराक्रम सम्मान' राजऋषि उमेद सिंह धोली ठाकुर को मरणोपरांत दिया जाएगा।

'वीरमाता माणिक कंवर नारीशक्ति वंदन सम्मान' विकल्प संस्था की ऊषा चैधरी को प्रदान किया जाएगा, जबकि 'शहीद प्रताप सिंह बारहठ प्रताप गौरव युवा सम्मान' गुजरात के जिग्नेश गढ़वी की शहादत की स्मृति में स्वतंत्रता सेनानी फतह करण सिंह चारण झीबा स्मृति कोष अडूसियां के सहयोग से दिया जाएगा। प्रत्येक सम्मान के तहत 11-11 हजार रुपये की राशि, स्मृति चिन्ह, मानपत्र, शॉल और माला भेंट कर अभिनंदन किया जाएगा।

समारोह में राजस्थान से मेघराज सिंह रॉयल, पूर्व आईएएस राजेंद्र सिंह शेखावत, क्रांतिकारी बारहठ परिवार के सदस्य, मुख्य वक्ता डॉ. गजादान चारण और राजवीर सिंह चालकोई को आमंत्रित किया गया है।

शाहपुरा से निकली यह वन्दे मातरम् यात्रा अब राष्ट्रभक्ति की ज्योति लेकर गुजरात की ओर अग्रसर हो चुकी है। तिरंगे की छांव, शहीदों की स्मृतियां और 'वन्दे मातरम' के स्वर इस यात्रा को केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना का महापर्व बना रहे हैं।

## गंगापुर में सफाई कर्मी उतरे हड़ताल पर - सफाई व्यवस्था चरमराई



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** नगर पालिका गंगापुर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में नवाचार से परेशान होकर सभी सफाई कर्मियों ने शुक्रवार को विधायक की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपनी मांगे रखी ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए सफाई कार्य दो पारियों से हटाकर सुबह की एक पारी में किया जावे जो वर्तमान में सुबह 6 से 10 बजे एवं दोपहर 10:00 बजे से 6:00 तक का है दो वर्ष से बकाया चल रहे वर्दी भत्ता को दिलाने, ऑफिस में कार्यरत सफाई कर्मियों को सफाई कार्य करने,पालिका के सभी सफाई कर्मचारियों की सर्विस फाइल तैयार करने की भी मांग की गई जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर,स्थानीय विधायक लादू लाल पितलिया,अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ओर अनेक अधिकारी मौजूद थे मांगे नहीं माने जाने पर शनिवार सुबह से ही सफाई कर्मियों ने झाड़ू डाउन कर हड़ताल शुरू कर दी जनसुनवाई कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने अनेक समस्याएं बताई 5 साल से निर्माणाधीन अधूरी पड़ी रायपुर रोड सड़क बनाने के लिए व्यापारियों ने विधायक को ज्ञापन दिया आबादी में लगाए जा रहे मोबाइल टावर का कार्य रुकवाने के लिए भी कहा गया।

## बेरा क्षेत्र में पेयजल संकट, ग्रामीण हैंड पंप से पानी लेने को मजबूर




### जल परियोंजनाओ के लाभ से वंचित ग्रामवासी

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के बेरा ग्राम पंचायत मुख्यालय के कुछ क्षेत्रों में विगत एक सप्ताह से पैयजल की आपुर्ति के सुचारू नहीं होने से लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण श्रवण और सुखदेव गुर्जर ने बताया कि इस बेरा पंचायत मुख्यालय पर बालाजी मदिर के आसपास गुर्जर मौहल्ला रावला चौक तथा बस स्टैंड मे पिछले 5-7 दिन से पैयजल आपुर्ति व्यवस्था के सुचारू नहीं होने से लोगों को पैयजल संकट का सामना करना पड़ रहा हैं। गांव में जनता जल योजना और चंबल परियोजना के तहत जलापूर्ति की व्यवस्था होने के बाद भी लोगों को पैयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। पैयजल समस्या से जुझते लोगों को हैंडपंप से पानी भरकर लाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

## खुला नाला बन सकता है जान का दुश्मन, सुध लेने की मांग

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा



हुरडा बनेड़ा एस एच 39 ए पर स्थित पथवारी चोराहे के खुला पडा नाला हादसे का सबब बन सकता है। मगर फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पथवारी चोराहे पर सफाई के लिए नाले की खुदाई के बाद ऐसे ही छोड़ दिया है। विकट मोड़ होने के कारण यहाँ पर से निकलने राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा। साथ खुले हुए नाले के कारण हरदम हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से खुले पडे नाले की सुध लेने की प्रशासन से मांग की है।

## बरूंदनी: लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में आक्रोश, खेत से मोटर और बिजली ग्रिड से सामान चोरी

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बरूंदनी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने किसानों और ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। आए दिन हो रही इन वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। हाल ही में अज्ञात चोरों ने पारसोली रोड स्थित बिजली ग्रिड के सामने एक खेत को अपना निशाना बनाते हुए पानी की मोटर और बिजली की केबल पार कर दी। इससे पहले भी चोर बिजली ग्रिड से कई महत्वपूर्ण उपकरण चुरा चुके हैं।

### खेत में जली हुई मिली केबल, मोटर गायब

जानकारी के अनुसार, बरूंदनी निवासी सत्यनारायण खटीक और बिजली विभाग में कार्यरत भंवरलाल मीणा ने बिगोद थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 मई की रात पारसोली रोड स्थित ग्रिड के सामने वाले खेत से अज्ञात चोर करीब 5 एचपी की मोटर और लगभग 150 फीट लंबी बिजली की केबल चुरा ले गए। अगली सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे, तो वहां मोटर गायब थी और केबल जली हुई अवस्था में पड़ी मिली।

### बिजली ग्रिड भी निशाने पर

ग्रामीणों ने बताया कि बरूंदनी स्थित बिजली ग्रिड पर पहले भी चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। चोर ग्रिड से बोल्ट और जीओ (₹ह) की पट्टियां तक चुरा चुके हैं, जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बार-बार बाधित होती है। बिजली विभाग के लाइनमैन महेंद्र साहू का कहना है कि इन चोरियों के कारण विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और आमजन की बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। भंवरलाल मीणा ने चिंता जताते हुए कहा कि अब खेतों में लगे कृषि उपकरण भी सुरक्षित नहीं हैं और चोर लगातार किसानों को अपना शिकार बना रहे हैं।

### रात्रि गश्त बढ़ाने और कार्रवाई की मांग

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## एडवांस रुपए मांगने पर ठेकेदार व दर्जनभर गुंडों ने किया जानलेवा हमला

### तीन गंभीर रूप से घायल

स्मार्ट हलचल| मांडल



भीलवाड़ा जिले के मांडल थाना क्षेत्र में फैक्ट्री ठेकदार को अपने ही जेसीबी चालक से एडवांस दिए गए रूपए वापस मांगना भारी पड़ गया। दूसरी फैक्ट्री के ठेकदार ने दर्जनों गुंडों के साथ मिलकर ठेकदार और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में फैक्ट्री ठेकदार, उसका भाई और एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर मांडल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घायल ठेकदार भगवान गुर्जर ने कहा कि भगवानपुरा चौराहे पर स्थित 'रामनिवास मिनरल्स फैक्ट्री में हमारा ठेका है। हमने एक जेसीबी ऑपरेटर को काम के लिए 28 हजार रुपये एडवांस दिए थे। लेकिन जेसीबी ऑपरेटर ने हमारे यहां काम न करके अन्य ठेकदार भंवर लाल गुर्जर की माईंस में काम करना शुरू कर दिया। जब मेरा छोटा भाई रणजीत गुर्जर उस ऑपरेटर से एडवांस रकम वापस मांगने गया, तो भंवर लाल ने उसे धमकाया और उसके साथ हाथापाई की। इसके बाद मैने जब उन्हें शांतिपूर्वक तरीके से अपने पैसे वापस मांगे और धमकी न देने को कहा तो वो आवेश में आ गया। इसके बाद भंवर लाल ने अपने बेटे नानू लाल गुर्जर के साथ करीब 20 से 25 गुंडों को बुलाकर मुझे पर मेरे भाई रणजीत और मेरे एक कर्मचारी सोनू सिंह पर लोहे के सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उन्होने मेरी गर्दन पर पैर रखकर बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में मेरे भाई रणजीत का हाथ टूट गया है और सिर में भी गंभीर चोटें आई हैं। इसके साथ मुझे और कर्मचारी सोनू को काफी चोट आयी है।

## प्रदेश में 4 लाख 19 हजार 648 लीटर वॉश नष्ट

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है कि कोटा में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई के तहत अंग्रेजी शराब बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 70 लाख रूपए आंकी गई है।

### 1535 अभियोग दर्ज, 724 हुए गिरफ्तार

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक मई से 22 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 1535 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 15 लाख 87 हजार 525 रूपए लागत की 5914 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 2 करोड़ 69 लाख 22 हजार 494 रूपए की 26826 लीटर, बीयर 43 लाख 54 हजार 823 रूपए की 19363 लीटर, स्प्रिट 30 लीटर एवं हथकड़ शराब 9929 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 4 लाख 19 हजार 648 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 5, हल्के चार पहिया 11 एवं दुपहिया वाहन 57 सहित 74 वाहन जब्त करते हुए 724 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

### प्रदेश में अवैध शराब पर कार्रवाई

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा प्रदेश में गश्त, नाकाबंदी, दबिश की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के कोटा में शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई के तहत अंग्रेजी शराब की विभिन्न ब्रांड की कुल 796 पेटियों में 25 हजार 440 क्वार्टर एवं 2394 बोतल बरामद की गई। बरामद अवैध मदिरा की अनुमानित कीमत 70 लाख रूपए आंकी गई है। पाली में रोड़ साईड ढाबों की चैकिंग सहित बाली सर्कल में नानबेड़ा क्षेत्र में दबिश देकर 1800 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 63 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद की। जोधपुर में दबिश कार्रवाई के तहत 550 लीटर वॉश नष्ट किया। बांसवाड़ा में अम्बापुरा क्षेत्र में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में 1500 लीटर वॉश एवं 2 भट्टियां नष्ट की गई। मौके से 70 बोतल अवैध हथकड़ शराब की बरामद की गई। नागौर में आबकारी थाना परबतसर, नावा, मेड़ता के उच्चेरिया बूडशू में दबिश कार्रवाई के तहत 10 लीटर स्प्रिट, 10 बोतल अवैध हथकड़ शराब, पव्वे पेकिंग मशीन को जब्त किया गया। प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। प्रदेश में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## अमित शर्मा का ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल के लिए चयन



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिले की रायपुर तहसील के नाथड़ियास पंचायत के गांव आसपुर के अमित शर्मा का पैसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर की टीम में हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र सिंह चुण्डावत ने बताया कि राजकोट में 25 से 29 मई तक सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट (गुजरात )में ऑल इंडिया राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें अमित शर्मा विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे।

## ट्रेलर की चपेट में आया बुजुर्ग, गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल



**मांडल।** भीलवाड़ा रोड पर मांडल चौराहे के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मांडल से भीलवाड़ा जाते समय बाइक सवार बुजुर्ग ट्रेलर की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बुजुर्ग का पैर फ्रैक्चर हो गया तथा बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार घायल बालू खारोल पुत्र छितर खारोल (70) निवासी समेलिया बताए जा रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस पायलट प्रभु प्रजापत एवं मेल नर्स गिरिराज पायक ने प्राथमिक उपचार देते हुए घायल को उप जिला चिकित्सालय मांडल पहुंचाया।वो ने हालत गंभीर होने पर घायल बुजुर्ग को भीलवाड़ा रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## कोटड़ी में महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति अनावरण 13 जून



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश जयपुर, जिला भीलवाड़ा, तहसील कोटडी एवं माली समाज कोटडी के बैनर तले आगामी 13 जून शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम कोटड़ी कस्बे में होना है, जिसमे अविनाश गहलोत सामाजिक एवं न्याय मंत्री राजस्थान सरकार, राजेंद्र गहलोत राज्यसभा सांसद, डॉ. प्रभु लाल सैनी पूर्व कृषि मंत्री राजस्थान सरकार की उपस्थिति में होना है । महासभा के जिला अध्यक्ष मदनलाल सोपरिया की अगुवाई में आज शनिवार को कोटड़ी श्याम मंदिर में कोटड़ी माली समाज ने श्री चारभुजा नाथ जी के श्री चरणों में श्रीफल, पुष्प माला, तुलसी पत्र अर्पित कर कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल हो इस कामना के साथ धोक लगाई । राजस्थान प्रदेश महासचिव सम्पत कुमार सोपरीया ने बताया कि इस अनावरण कार्यक्रम में पूरे जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र व भीलवाड़ा जिले से माली समाज एकत्रित होंगा, जिसमें भव्य शोभायात्रा, मूर्ति अनावरण व आम सभा का आयोजन श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण होगा । संस्था के सरक्षक भेरूलाल सोपरिया, जगदीश चंद्र जझावरा जिला मंत्री महावीर सोपरिया तहसील अध्यक्ष भैरूलाल थुनवाल, ओमप्रकाश श्रीवाल, कैलाश लावड़ा, उदय लाल सोपरिया, सोहन कच्छावा, देवकरण सोपरिया, नारू कच्छावा, प्रभु लाल थुनवाल, गोविंद जझावरा, गोपाल लाल सोपरिया, मोहनलाल सोपरिया, भगवानपुरा से घीसू लावडा वह सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## स्वस्तिधाम में भाजपा का वैचारिक मंथन शुरू, राष्ट्रवाद और अंत्योदय पर हुआ चिंतन

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भीलवाड़ा जिला संगठन द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को जहाजपुर स्थित स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में भव्य शुभारंभ हुआ। शिविर में संगठन की विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय और एकात्म मानववाद जैसे विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल रहे, जबकि भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज ने की। मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने 'वैचारिक अधिष्ठान' विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद पर आधारित वैचारिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पार्टी की मूल भावना 'राष्ट्र प्रथम' है और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद उसकी आधारशिला है। उन्होंने एकात्म मानववाद को पूंजीवाद और समाजवाद के दोषों से मुक्त संतुलित जीवन दर्शन बताते हुए अंत्योदय की अवधारणा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मानपूर्ण जीवन पहुंचाने का माध्यम बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वैचारिक निष्ठा और समर्पण भाव के साथ राष्ट्र जागरण के अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रारंभ में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्थाओं और उद्देश्य की जानकारी दी। वर्ग प्रभारी पुखराज पहाड़िया ने विभिन्न सत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुई।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर जिला संगठन एवं जिले के 39 मंडलों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। सांसद दामोदर अग्रवाल, श्रवण सिंह बगड़ी और अन्य अतिथियों ने मोली बंधन खोलकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आयोजन स्थल पर प्रतिभागियों ने 'सरल एप' के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन भी करवाया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजपा जिला प्रशिक्षण के मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा वर्ग प्रभारी पुखराज पहाड़िया, वर्ग प्रमुख सुभाष बहेडिया, जिला संगठन प्रभारी संजय जैन, सह प्रभारी मिट्ठू लाल जाट, विधायक गोपीचंद मीणा, लालाराम बेरवा, उदयलाल भडाणा, जब्बर सिंह सांखला, गोपाल खंडेलवाल, लादुलाल पीतलिया, पूर्व जिला प्रमुख बरजीदेवी भील, पूर्व महापौर राकेश पाठक, वर्ग संयोजक अविनाश जीनगर मौजूद रहे।

# टोंक के नए एसपी रोशन मीणा ने संभाला कार्यभार, बोले-आमजन को मिलेगी बेहतर पुलिसिंग और अपराधियों पर होगी निर्णायक कार्रवाई

## माफियाओं पर सख्ती होगी पहली प्राथमिकता-साईबर अपराध पर भी होगा कड़ा शिकंजा

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** टोंक जिले को शनिवार को नए पुलिस अधीक्षक के रूप में युवा आईपीएस अधिकारी रोशन मीणा मिले हैं। नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोशन मीणा ने शनिवार को विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान पुलिस लाइन में जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी रोशन मीणा ने मीडिया से रूबरू होते हुए जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का स्पष्ट संदेश दिया।



नवागत एसपी रोशन मीणा ने कहा कि राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह पुलिसिंग सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि टोंक जिले में लंबे समय से गंभीर समस्या बने अवैध बजरी खनन और परिवहन पर रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अवैध खनन में संलिप्त माफियाओं, परिवहनकर्ताओं और संरक्षण देने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि जिले में कानून का राज कायम रखना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साइबर अपराधों में लगातार बढ़ोतरी को गंभीर चुनौती बताते हुए एसपी मीणा ने कहा कि साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए तकनीकी स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। एसपी रोशन मीणा ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर भी सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि जिले में शांति, भाईचारा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्य करेगी। आमजन की सुरक्षा और विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी प्राथमिकता है तथा लोगों को बेहतर और संवेदनशील पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने, आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश भी दिए। नए एसपी के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले में पुलिस प्रशासन से अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जुड़ गई हैं।

# विद्युत विकास कार्यों हेतु विधायक आक्या ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

## 132 केवी जीएसएस सहित कई विद्युत परियोजनाओं की शीघ्र स्वीकृति की मांग

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विद्युत विकास कार्य शीघ्र कराने का अनुरोध किया है।

विधायक आक्या ने पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत माताजी की पाण्डोली एवं आसपास की 15 पंचायतों में विद्युत सप्लाई चित्तौड़गढ़ 220 केवी जीएसएस से हो रही है, लेकिन 33 केवी कश्मोर एवं माताजी की पाण्डोली पर अधिक लोड होने के कारण विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।

उन्होंने मांग की कि ग्राम पंचायत माताजी की पाण्डोली में 132 केवी जीएसएस निर्माण की शीघ्र स्वीकृति जारी की जाए, जिससे क्षेत्र की 15 पंचायतों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके तथा किसानों को दिन में भी कृषि कार्य हेतु बिना रुकावट बिजली उपलब्ध कराई जा सके। इसी क्रम में विधायक आक्या ने बोजुन्दा में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कराने, ग्राम पंचायत सेमलपुरा में पूर्ण हो चुके 33/11 केवी जीएसएस को शुरू करने के लिए 3.15 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध कराने तथा 33/11 केवी जीएसएस गणेशपुरा के लिए आरडीएसएस योजना में निरस्त हुए वर्क ऑर्डर के स्थान पर नया वर्क ऑर्डर जारी कराने का अनुरोध भी किया है।

विधायक आक्या ने ऊर्जा मंत्री को विधानसभा क्षेत्र के सतपुड़ा, धनेतकलां, घोसुण्डा, माताजी की पाण्डोली एवं लाखा का खेड़ा स्थित 33/11 केवी जीएसएस पर स्वीकृत 3.15 एमबीए के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर शीघ्र उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# रुपया सबसे निचले स्तर पर, सरकार फेलः जाड़ावत

## पेट्रोल-डीजल, गैस और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से आमजन परेशान, देश आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रुपया लगातार अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचता जा रहा है और महंगाई की मार से देश आर्थिक तूफान की ओर बढ़ रहा है।

जाड़ावत ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दाम महज 10 दिनों में लगभग 5 रुपए तक बढ़ गए हैं। वहीं कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में दो माह में करीब 1500 रुपए तक की वृद्धि हुई है तथा घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ने की आशंका भी बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि सरस दूध, डेयरी उत्पादों एवं खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। निम्न एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है और लोगों को हर स्तर पर महंगाई का सामना करना पड़ रहा है।



पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में बेरोजगारी का संकट लगातार बढ़ रहा है। सरकारी नौकरियों की कमी और बढ़ती बेरोजगारी युवाओं में आक्रोश पैदा कर रही है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता जा रहा है, जिसका सीधा असर आमजन के जीवन पर दिखाई दे रहा है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में अस्तित्व में आई 'सीजेपी कॉकरोच जनता पार्टी' का सोशल मीडिया पर तेजी से बढ़ता प्रभाव भाजपा की चिंता का कारण बन गया है। बड़ी संख्या में युवा उससे जुड़कर मोदी सरकार की नीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देश का युवा अब राहुल गांधी की ओर उम्मीद से देख रहा है और उनके द्वारा व्यक्त की गई आशंकाएं अब सच साबित होती नजर आ रही हैं।

# प्रदेश में दो दिन राहत के बाद फिर बढ़ेगी गर्मी, 24 से सीवियर हीटवेव का अलर्ट

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी से फिलहाल हल्की राहत जरूर मिली है, लेकिन मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में फिर से तापमान तेज़ी से बढ़ने की चेतावनी दी है। राज्य के सभी शहरों में अधिकतम तापमान फिलहाल 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है, लेकिन 24 मई से पश्चिमी राज-स्थान में फिर सीवियर हीटवेव का दौर शुरू होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने 24 मई से कई जिलों के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 23 मई को भी सात जिलों में हीटवेव को लेकर यलो अलर्ट रहेगा। विशेषज्ञों के अनुसार अगले 48 से 72 घंटों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है।

### पश्चिमी राजस्थान फिर सबसे ज्यादा प्रभावित

बीकानेर, चूरू, फलोदी, चित्तौड़गढ़ और श्रीगंगानगर समेत पश्चिमी जिलों में अगले सप्ताह गर्मी का असर सबसे ज्यादा रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इन इलाकों में दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा रहेगा, जिससे 'वार्म नाइट' की स्थिति बनेगी। पूर्वी और उत्तरी राजस्थान के जयपुर, अलवर, दौसा और आसपास के क्षेत्रों में भी हीटवेव का असर बना रह सकता है।

### श्रीगंगानगर में बारिश से मिली राहत

दो दिन लगातार प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहे श्रीगंगानगर में शनिवार सुबह मौसम बदला और हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी और लू से अस्थायी राहत मिली। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत ज्यादा लंबे समय तक नहीं रहेगी और अगले कुछ दिनों में फिर से तेज गर्मी लौट सकती है।

### बड़े शहरों में कैसा रहेगा असर

जयपुर में अगले तीन-चार दिन तेज गर्मी और लू चलने की संभावना है। यहां रात का तापमान भी लगातार ऊंचा बना हुआ है। जोधपुर, बीकानेर और चूरू में दोपहर के समय लू का असर ज्यादा रहेगा, जबकि उदयपुर और कोटा में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहने का अनुमान है। अलवर, अजमेर और सीकर में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय जनजीवन प्रभावित हो सकता है।

# गर्मी से राहत के लिए सरस डेयरी की पहल, सरस चौराहे पर प्याऊ शुरू

## भीषण गर्मी में सरस डेयरी की पहल, परिंडे बांधे और प्याऊ का उद्घाटन



स्मार्ट हलचल|कोटा

भीषण गर्मी के बीच जीव-जंतुओं और राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ में डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ के नेतृत्व में सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहल करते हुए संघ परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए तथा सरस चौराहे पर प्याऊ का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर डेयरी अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा सहित संघ के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संघ परिसर में पक्षियों के लिए दाना और पानी की विशेष व्यवस्था भी की गई। राठौड़ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परिंडों में नियमित रूप से पानी भरा जाए ताकि भीषण गर्मी में पक्षियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों के सूखने से पक्षियों और पशु-पक्षियों के सामने पेयजल का संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे समय में समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्थान का दायित्व है कि वह जीवों के संरक्षण और मानव सेवा के कार्यों में अपनी भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि सेवा और संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति की पहचान है तथा ऐसे प्रयासों से समाज में मानवीय मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# एसपी धर्मेंद्र यादव ने संभाला चित्तौड़गढ़ में कार्यभार, प्रभावी एवं जनहितकारी पुलिसिंग का दिलाया भरोसा

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

जिले के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने शनिवार को चित्तौड़गढ़ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए प्रभावी एवं जनहितकारी पुलिसिंग का भरोसा दिलाया। पदभार ग्रहण के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान में सम्पूर्ण राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है और चित्तौड़गढ़ पुलिस भी इस दिशा में गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने आमजन से भी पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर संवेदनशील एवं भरोसेमंद पुलिसिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान एवं पीड़ितों को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।



पुलिस अधीक्षक यादव ने कहा कि पुलिस मुख्यालय एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं की प्रभावी पालना सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान समय में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिला मध्यप्रदेश की अंतरराज्यीय सीमा से जुड़ा होने के कारण अपराध की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जिला है, ऐसे में अवैध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही तस्करी में संलिप्त गिरोहों एवं उनके सप्लायरों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठित अपराधों पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे तथा जिले में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रिय भूमिका रहेगी।

उल्लेखनीय है कि धर्मेंद्र यादव वर्ष 2014 में भारतीय पुलिस सेवा में चयन हुए थे। इससे पूर्व वे जिला सिरोही, धौलपुर, जोधपुर ग्रामीण एवं भीलवाड़ा में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूर्व कार्यकालों में उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण तथा प्रशासनिक कार्यकुशलता के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किया है।

# लाडपुरा में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण परिसर में समस्त ग्रामवासी द्वारा 24 मई ( रविवार ) से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ और कलश यात्रा का शुभारंभ होगा। सामुदायिक भवन परिसर में प्रतिदिन सुबह 10:15 से 1:15 बजे तक कथावाचक राकेश मिश्रा महाराज श्रीमद् भागवत की महिमा का गुणगान करेंगे। आयोजन कमेटी के शंभू धाकड़ ने बताया कि रविवार को होने वाले श्रीमद् भागवत कथा एवं कलश यात्रा को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी उत्साह का माहौल है और आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 8 बजे 'बाग वाले कुएं' से मंगल कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ रवाना होगी। यह यात्रा कस्बे के मुख्य बाजार और बस स्टैंड से होते हुए कथा स्थल ( सामुदायिक भवन प्रांगण ) पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से कलश स्थापना की जाएगी।

# खजुरिया श्याम दरबार में दो दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आगाज, पहले दिन 230 मरीजों को मिली राहत

स्मार्ट हलचल|पोटलां

आयुर्वेद विभाग तथा खजूरिया श्याम भेरुनाथ सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को दो दिवसीय आयुर्वेद परामर्श एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ।शनिवार (23 मई 2026) को आयोजित इस शिविर का विधिवत उद्घाटन मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता लादू लाल जाट, राज मल जाट, हस्तीमल साहू, जिला परिषद सदस्या श्रीमती शारदा पूर्बिया तथा शिविर प्रभारी डॉ. सतीश चंद शर्मा ने भगवान धनवंतरी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया।शिविर का आयोजन सुबह 8 :00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और आस-पास के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर प्रभारी डॉ. सतीश चंद शर्मा ने बताया किः शिविर के पहले दिन कुल 151 निःशुल्क जांचें की गई और 230 मरीजों को परामर्श देकर आयुर्वेदिक दवाइयाँ मुफ्त वितरित की गईं।शिविर में आने वाले आमजन के लिए बीपी, शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी और प्रेगनेंसी टेस्ट जैसी महत्वपूर्ण जांचें पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराई गईं।यह शिविर कल दिनांक 24 मई 2026 (रविवार) को भी सुबह 8 :00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक जारी रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



शिविर में आए मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम मुस्तैद रही। इस दौरान डॉ. ओम प्रकाश बोहरा, डॉ. हरीश कुमार केडिया, वरिष्ठ कंपाउडर कैलाश चंद सुथार, प्यार चंद खटिकत, अनिल लड्ढा, रतन लाल पूर्बिया, नर्स ललिता कुमावत और भारती पांचाल ने अपनी सेवाएं दीं। इसके साथ ही योग प्रशिक्षक जितेंद्र सोनी ने भी शिविर में आए लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग के प्रति जागरूक किया।

# शॉट सर्किट से किराने की दुकान में लगी आग, पाया काबू

## दुकान की पट्टियां भी टूट गई आग से

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** कल सुबह करीब 4 बजे सांगोद कुंदनपुर रोड सांगोद में शॉट सर्किट से लगी आग किराने की दुकान पूरी तरफ से राख हो गई आग बहुत भाष्यंक थी वहा लोगों ने सांगोद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मालव को दी उन्होंने फायर इंचार्ज शोभाराम मीणा को दी उनने बिना देरी किए फायर बिग्रेड को रवाना किया ओर आग बुझाना चालू किया आग करीब 2घंटे की कड़ी मकशद के बाद आग पर काबू पाया दुकान मालिक के अनुसार करीब 20लाख का नुकसान होना बताया गया दुकान मालिक नाम ललित कुमार मित्तल /धन्नालाल मित्तल उनने बताया में जब दुकान बंद कर गया तो कुछ इसी बात नही पता आग कैसे लग गई पूरा किराना का सामान जल गया ओर एक मोटर साइकिल ओर बिल्डिंग भी पूरी तरफ शीर्तिगस्त्र हो गई कुलर पंख सब अब आग के भेट चढ़ गया आग दमकल कर्मियों जैसे तैसे आग पर काबू ओर जेसीबी की मदद से दुकान गिरता गया नही दुकान कभी गिर सकती है डीसीपीयू नरेश सुमन फायरमैन राजेंद्र पारेता अंकुश गोचर आदिलोग मौजूद रहे।



# एसडीएम दिनेश मीणा का ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

स्मार्ट हलचल|सुनेल

उपखंड अधिकारी पिड़ावा दिनेश मीणा ने शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और राजकीय विद्यालयों का अचानक निरीक्षण कर सरकारी व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। एसडीएम के अचानक पहुंचते ही स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कई जगह भारी लापरवाही सामने आई, जबकि कुछ संस्थानों की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेमड़ा में हालात बेहद खराब मिले। यहां डॉक्टर पिछले पांच दिनों से बिना सूचना और बिना स्वीकृत अवकाश के गायब मिलीं। इतना ही नहीं, 13 संविदा कर्मियों में से 8 कर्मचारी भी ड्यूटी से नदारद पाए गए। अस्पताल में मौजूद कर्मचारी मोबाइल फोन और गपशप में व्यस्त नजर आए। ओपीडी बेड की चादरों पर धूल जमी थी, शौचालय गंदगी से अटे पड़े थे और मरीजों के लिए पेयजल तक की व्यवस्था नहीं मिली।

इसके विपरीत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उन्हेंल में व्यवस्थाएं बेहतर मिलीं। सभी कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए। महिला एवं पुरुष वार्ड साफ-सुथरे मिले, शौचालय व्यवस्थित थे और मरीजों के लिए वाटर कूलर की सुविधा उपलब्ध थी। मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना एवं निशुल्क दवा योजना के तहत पर्याप्त जांच सुविधाएं और दवाइयां उपलब्ध पाई गईं। मथानिया और कड़ोदिया स्वास्थ्य केंद्रों पर भी डॉक्टर ड्यूटी समय में बिना अवकाश के अनुपस्थित मिले। हालांकि कड़ोदिया अस्पताल में साफ-सफाई और मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था संतोषजनक रही, लेकिन डीडीसी पर पर्याप्त दवाइयों की कमी सामने आई। एसडीएम ने लापरवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुनेल को दिए।



निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हेमड़ा, उन्हेंल, कड़ोदिया, खैराना और मथानिया का भी जायजा लिया गया। यहां कई मंत्रालयिक कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिस पर एसडीएम ने ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी सुनेल को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही पांचों ग्राम पंचायतों में चल रहे जनगणना कार्य का भी निरीक्षण किया गया। प्रगणकों द्वारा एचएलबी में दर्ज किए जा रहे आंकड़ों और कार्य प्रगति की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से सरकारी विभागों में हड़कंप का माहौल बना रहा।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में संगठन से राष्ट्रवाद तक मंथन, बूथ कार्यकर्ताओं को मंच पर मिली नई पहचान

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भीलवाड़ा जिला संगठन द्वारा जहाजपुर स्थित स्वस्तिधाम मांगलिक भवन में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में संगठन विस्तार, राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय चुनौतियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यकर्ता निर्माण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए शिविर की व्यवस्थाओं और उद्देश्य की जानकारी दी। वर्ग प्रभारी पुखराज पहाड़िया ने विभिन्न सत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की। दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।



प्रदेश महामंत्री श्रवणसिंह बगड़ी ने जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा को संघर्ष और विचारधारा की ताकत बताते हुए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद किया। उन्होंने आपातकाल के दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं के संघर्ष को प्रेरणादायी बताया।

प्रदेश महामंत्री डॉ. मिथिलेश गौतम ने देश के सामने मौजूद चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और वैचारिक चुनौतियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और मजबूत संगठन को इन चुनौतियों का समाधान बताया। राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने भीलवाड़ा जिले में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी भी दी।

राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर ने कार्यकर्ता निर्माण, नेतृत्व विकास और संगठनात्मक अनुशासन पर विचार रखते हुए कहा कि भाजपा में पद सेवा का माध्यम है। उन्होंने नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर नेतृत्व तैयार करने की आवश्यकता बताई। प्रशिक्षण शिविर की विशेषता यह रही कि विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता बूथ अध्यक्षों से करवाई गई। जिला संगठन के इस नवाचार को कार्यकर्ताओं ने सराहा। शिविर स्थल पर जिला भाजपा और मंडलों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया।

शिविर में सांसद दामोदर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री श्रवणसिंह बगड़ी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, विधायक लालाराम बैरवा, उदय लाल भडाणा, गोपाल खंडेलवाल, लादू लाल पितलिया, जब्बर सिंह सांखला, बरजी देवी भील, राकेश पाठक, शंकर गुर्जर, अविनाश जीनगर सहित जिलेभर से जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को स्थानीय थाना पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के दौरान थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने, तेज गति से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा यातायात संकेतों की पालना करने की अपील की। थाना प्रभारी ने कहा कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने वाहन चालकों से स्वयं के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। इस दौरान भामाशाह गिर्राज सैनी ने पुलिस के सहयोग से 15 हेलमेट वितरित किए। हेलमेट प्राप्त करने वाले वाहन चालकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान एएसआई कृष्ण भारद्वाज, हैडकांस्टेबल विक्रम मीणा, राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी में 51 हजार से अधिक युवाओं को दिये नियुक्ति पत्र

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया देशभर को संबोधित, पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर एवं भोपाल में आयोजित रोजगार मेला में शामिल हुए 312 नव नियुक्त युवा**

स्मार्ट हलचल| कोटा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 23 मई, 2026 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा रिमोट का बटन दबाकर 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए इस अवसर को देश भर के हजारों युवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने सरकारी सेवा में नए प्रवेशकों का स्वागत करते हुए रेलवे, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर बल दिया। मोदी ने कहा, 'आने वाले वर्षों में आप सभी विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। '

प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए नव-नियुक्तों के समर्पण और अथक परिश्रम की सराहना करते हुए प्रत्येक नियुक्त व्यक्ति को हार्दिक बधाई दी। यह मानते हुए कि कोई भी व्यक्तिगत उपलब्धि अपने आप में पूर्ण नहीं होती, उन्होंने उन परिवारों और अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं जिनका सहयोग इस पूरी यात्रा में अपरिहार्य रहा। रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप रोजगार मेला इस दृष्टिकोण को साकार रूप देने की महत्वपूर्ण पहल है। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

पश्चिम मध्य रेलवे के दो डिवीजनों में आयोजित कार्यक्रमः-

मध्य प्रदेश के अंतर्गत जबलपुर एवं भोपाल में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे, डाक विभाग, बैंकिंग, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य केंद्रीय विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस 19वें रोजगार मेले के अंतर्गत जबलपुर में 211 तथा भोपाल में 101 नव नियुक्त अभ्यर्थियों सहित कुल 312 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

जबलपुर :- पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मण्डल में रेल उत्सव हॉल मदनमहल में 19वां रोजगार मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय डॉ. वीरेन्द्र कुमार (केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार), माननीया मती सुमित्रा बाल्मीक सांसद (राज्यसभा), माननीय आशिष दुबे सांसद (लोकसभा), माननीय अजय विश्नोई (विधायक पाटन), माननीय अशोक रोहाणी (विधायक कैंट) एवं माननीय अभिलाष पाण्डेय (विधायक उत्तर मध्य) सहित नगर के अन्य गणमाण्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा 19वें रोजगार मेले के अंतर्गत 211 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसमें 180 रेलवे विभाग, 15 डाक विभाग, 11 बैंक एवं 05 रक्षा विभाग के नव नियुक्त अभ्यार्थी शामिल हुए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि माननीय डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी ने नव नियुक्त अभ्यर्थियों को उनकी सरकारी सेवा में नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं देते हुआ कहा कि आप सभी युवा उज्ज्वल भविष्य के निर्माण तथा राष्ट्र की प्रगति में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नियुक्त अभ्यर्थियों से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस आयोजन में रेलवे से पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार एवं मण्डल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित अन्य विभागों से भी अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस रोजगार मेले आयोजन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।

भोपाल :- पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मण्डल में रेलवे ऑडिटोरियम, नर्मदा रेलवे क्लब, हबीबगंज (रानी कमलापति रेलवे स्टेशन प्लेटफ़ॉर्म 5 के सामने बाहर साईड) में 19वां रोजगार मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय शिवराज सिंह चौहान (केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार), माननीय आलोक शर्मा सांसद (लोकसभा) एवं माननीया मती मालती राय (महापौर भोपाल) सहित नगर के अन्य गणमाण्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर परमुख्य अतिथि द्वारा 19वें रोजगार मेले के अंतर्गत 101 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसमें 77 रेलवे विभाग तथा 34 अन्य केंद्रीय विभागों (जैसे बैंकिंग, एअरपोर्ट, ईपीएफओ तथा डाक विभाग आदि) के नव नियुक्त अभ्यार्थी शामिल हुए। अपने संबोधन में चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी की रोजगार सृजन हेतु प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह मेला युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। उन्होंने नियुक्त अभ्यर्थियों से ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में नवनियुक्त अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही केंद्रीय सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, विभिन्न विभागों, नियुक्ति पाने वाले प्रतिभागी एवं मीडिया प्रतिनिधि, आमंत्रित जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया कर्मियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। रेलवे की ओर से मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस आयोजन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। यह आयोजन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण तथा राष्ट्र की प्रगति में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। साथ ही इस कार्यक्रम में नवनियुक्त अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने ली आरटीओ और रोडवेज अधिकारियों की अहम बैठक, बोले– परिवहन व्यवस्था में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

स्मार्ट हलचल



**सांगोद।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को कोटा सर्किट हाउस में प्रादेशिक परिवहन कार्यालय और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) के उच्चाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में मुख्य रूप से सांगोद क्षेत्र में निजी बस संचालकों और रोडवेज बस संचालकों के बीच उपजे हालिया विवाद और परिवहन व्यवस्था में आ रही अनियमितताओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी सांगोद नगर के प्रमुख पदाधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में सांगोद में निजी और रोडवेज बस संचालकों के बीच के विवाद का मामला प्रमुखता से उठा। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने इस पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को दोटूक शब्दों में कहा कि परिवहन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की दादागिरी या गुंडागर्दी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि माहौल खराब करने वाले और कानून हाथ में लेने वाले ऐसे असामाजिक तत्वों को तुरंत चिन्हित कर पाबंद किया जाए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था और सुचारू परिवहन पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

**समय सारणी में सुधार और महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि**

मंत्री नागर ने बसों के संचालन में आ रही अनियमितताओं को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही आरटीओ मनीष शर्मा से फोन पर बात की और बसों की समय सारणी में देखी जा रही गड़बड़ियों को तुरंत दुरुस्त करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि बसों का संचालन पूरी तरह से समय पर और आम जनता की भावनाओं के अनुरूप होना चाहिए। विशेष रूप से महिलाओं को यात्रा के दौरान हर संभव सुविधा और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जाए। जनता को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

**जनता की सुविधा के अनुसार चलेंगी नई बसें**

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि क्षेत्र में जो भी नई बसें शुरू की जा रही हैं, उनका रूट और समय सारणी पूरी तरह से आम जनता की सहूलियत को ध्यान में रखकर तय किया जाए। उन्होंने रोडवेज प्रबंधन को बसों के फेरे बढ़ाने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में अधिकारियों ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों की पालना में तुरंत कार्रवाई की जाएगी और जनता की सुविधा के लिए समय सारणी को पारदर्शी बनाया जाएगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सोनी, महामन्त्री प्रवीण गर्ग, बुद्धिप्रकाश राठौर, उपाध्यक्ष प्रदीप सोनी, रामावतार वर्मा, शिवप्रसाद गौत्तम, हेमन्त गर्ग आदि सभी मौजूद रहे।

# ब्यावरसिटी पुलिस थाने में सीएलजी बैठक संपन्नः त्योहारों पर शांति व्यवस्था और साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने मांगा जनता का सहयोग

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** ब्यावर सिटी स्थानीय पुलिस थाना परिसर में आज कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया ने की। इस अवसर पर वृत्ताधिकारी राजेश कसाना और थानाधिकारी आशुतोष पाण्डो भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**त्योहारों पर रहेगी पैनी नजर, अफवाहों से बचें**

बैठक को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने कहा कि आगामी त्योहारों और जुलूसों के दौरान क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इसके साथ ही, उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों के प्रति सचेत रहने की हिदायत दी और कहा कि ऐसी असामाजिक गतिविधियों पर पुलिस की साइबर सेल कड़ी नजर रख रही है।

**इन गंभीर मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**

बैठक के दौरान वर्तमान समय की प्रमुख चुनौतियों पर विस्तार से मंथन किया गया, जिनमें मुख्य रूप सेः साइबर अपराधों से बचाव और जागरूकता। क्षेत्र में नशा तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाना। महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करना और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करवाना शामिल रहा।

**सीएलजी सदस्यों ने सौंपी समस्याओं की सूची, दिए अहम सुझाव**

बैठक में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारी वर्ग ने पुलिस प्रशासन के सामने स्थानीय समस्याएं रखीं और निम्नलिखित महत्वपूर्ण सुझाव दिएः शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया जाए। सार्वजनिक और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई जाए। अपराधियों और असामाजिक तत्वों में खौफ पैदा करने के लिए रात्रि गश्त को और मजबूत किया जाए। युवाओं को नशे के दलदल से बाहर निकालने के लिए पुलिस और समाज मिलकर जागरूकता अभियान चलाएं।

**संदिग्धों की सूचना तुरंत पुलिस को देंः एएसपी**

एएसपी महोदया ने सदस्यों के सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। बैठक के समापन पर उपस्थित सभी सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, बेहतर समन्वय बनाए रखने और ब्यावरसिटी में सामाजिक सौहार्द कायम रखने का सामूहिक संकल्प लिया।

# भगत के वश में भगवान- पवन



स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** यहाँ के दाधीच भवन में चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस पर महाराज पवन मालोदिया (दाधीच) ने कहा कि भगत की भक्ति भगवान को अति प्रिय है।भगत के कार्य भगवान स्वयं करते है।जैसे नरसीजी का मायरा भरने भगवान स्वयं आए,और ऐसा मायरा भरा जिसकी कथा हम आज तक सुनते आ रहे है।

इसी तरह जीवन में सब तरफ से हार जाने पर भी करुण पुकार सुनकर भगवान ही आते है।

महाराज ने कृष्ण रुक्मणि मंगल का भी भावपूर्ण वर्णन किया।इसके अलावा कंस का उद्धार, महारास,उद्धव चरित्र प्रसंग का भी अपनी मधुर वाणी से महाराज ने श्रवण करवाया।

कथा के दौरान भजनों की संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया।आज कथा श्रवण के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा 25 मई को तक होगी ।

# स्काउट गाइड संगोष्ठी एवं अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल| बूंदी




राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के सामुदायिक विकास से मृदुल अग्रज सेवा दल द्वारा पेच ग्राउंड स्थित स्काउट गाइड भवन पर अभिनंदन कार्यक्रम व स्काउट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीओ स्काउट प्रदीप चित्तौड़ा मुख्य अतिथि रहे, स्थानीय संघ प्रधान चतुर्भुज महावर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारिणी अध्यक्ष त्रिभुवन गौतम, स्थानीय संघ सचिव सतीश कुमार जोशी, पूर्व उपप्रधान स्काउट अनीता चित्तौड़ा, सीओ सुरेंद्र मेहरडा व मधु कुमारी मंचासीन रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सर्कल ऑर्गेनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा ने कहा कि आज बालक बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में स्काउट गाइड की अहम भूमिका है। स्काउटिंग गाइडिंग की पाठशाला में निर्धारित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक रूप से नई पीढ़ी का सुदृढ़ व्यक्तित्व उन्नयन किया जाता है इसलिए हमें बालकों को इससे जोड़कर का लाभांवित करना चाहिए। जिले की स्वर्णिम ऐतिहासिक उपलब्धियों व शख्सियत से जुड़े विचार साझा किए। अध्यक्षीय उद्बोधन में चतुर्भुज महावर ने जिले की उपलब्धियों को साझा किया वहीं स्थानीय संघ सचिव सतीश कुमार जोशी और कार्यकारिणी अध्यक्ष त्रिभुवन गौतम ने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में स्काउटिंग के योगदान की जानकारी दी। इससे पूर्व सभागार में पहुंचने पर मृदुल अग्रज सेवा दल के सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण व स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ अग्रज लीडर बुद्धिप्रकाश पुंडीर ने स्वागत उद्बोधन द्वारा सभी का अभिनंदन किया। सीओ सुरेंद्र मेहरड़ा व मधु कुमारी ने जिले में संचालित स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी दी, विश्वजीत जोशी, जितेंद्र कुमार शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव डॉ सर्वेश तिवारी ने किया व अग्रज दल नायक देव प्रकाश ओझा ने आभार प्रकट किया।

इससे पूर्व बारां से बूंदी जिला मुख्यालय पहुंचकर चितौडा कार्यभार ग्रहण किया, असिस्टेंट स्टेट ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर दिलीप कुमार माथुर ने शुभकामनाएं प्रेषित की। स्काउट गाइड कार्यकर्ताओं ने चित्तौडा का साफा पहनाकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर गाइड कैप्टन रजिया खातून, कब मास्टर शुभम गोयल, सहित हंसराज चौधरी, नरेंद्र गौतम, सुखलाल चौधरी, यशवंत टेलर, महावीर सेन, सीताराम, सोहन सिंह शीहर, हेमराज ओड, राजेंद्र शर्मा, सुबोध गर्ग, विमल शर्मा, दीपक मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# शॉर्ट सर्किट से भीषण आग छप्पर जले-बाइक और चारा राख

स्मार्ट हलचल



**टोंक/अलीगढ़।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिजोदा के गफूरपुरा गाँव में शुक्रवार को विद्युत केबल में हुए शॉर्ट सर्किट ने भारी तबाही मचा दी। अचानक लगी भीषण आग ने दो भाइयों के रिहायशी छप्परों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मोटरसाइकिलें, मवेशियों का चारा और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। इस हादसे से पीड़ित परिवारों को बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार आग सबसे पहले घनश्याम मीणा के छप्पर में लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से उनकी मोटरसाइकिल पूरी तरह जलकर राख हो गई। वहीं उनके भाई लड्डू लाल मीणा की मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आग ने छप्पर में रखा मवेशियों का चारा और अन्य सामान भी जलाकर खाक कर दिया।

घटना के समय आग के पास ही गाय और भैंसें बंधी हुई थीं, जबकि दूसरे छप्पर में रसोई गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग की तेज लपटें देखकर ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और जान जोखिम में डालकर मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान एक गाय को हल्की चोटें भी आई हैं। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए दूसरे छप्पर में रखे गैस सिलेंडरों को भी समय रहते बाहर निकाल लिया, जिससे बड़ा विस्फोट होने से टल गया। इसके बाद ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि आग बुझने तक छप्पर, बाइक और चारा पूरी तरह जल चुके थे। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे कराने तथा उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# सोशल मीडिया पर चल रही राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की दुकान की बिक्री के संबंध में चर्चा

## श्री राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट ने मीडिया के समक्ष रखा अपना पक्ष

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** शहर के प्रतिष्ठित श्री राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की हाल ही में बिक्री की गई दुकान पर सोशल मीडिया के माध्यम से उठे विवाद और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य दामोदर कचोलिया द्वारा इस पर खुलकर असहमति जताने के बाद मंदिर ट्रस्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी मीडिया कर्मियों को बुलाकर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखा। विगत 19 मई को राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की एक दुकान का विक्रय के संबंध में भवानी मंडी कस्बे में सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही थी ट्रस्ट द्वारा मंदिर संपत्ति का बेचान पर लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर तरह-तरह के तर्क दिए जा रहे थे। इस पर राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण कुमार राठी ने बताया कि जो दुकान हमने बेची है वह नियमानुसार बेचकर उसका पैसा मंदिर ट्रस्ट में ही जमा है। राठी ने कहा कि हमने देव-स्थान विभाग की अनुमति से इसे नियमानुसार बेचा है और ट्रस्ट को अधिकार है कि आवश्यकता होने पर सम्पत्ति बेची जा सकती है क्योंकि अभी ट्रस्ट की श्री राधेश्याम बगीची में निर्माण कार्य चल रहा और उसके लिए पैसों की आवश्यकता थी तो ट्रस्टियों की सहमति से नियमानुसार इसे बेचा गया है। प्रेस वार्ता में राठी ने बताया कि विगत दस वर्षों में मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर व मंदिर धर्मशाला का जीर्णोद्धार करवाया। बगीची में भी निर्माण कार्य चल रहा है और कई दुकानों को मुक्त करवाकर नए सिरे से दिया गया है एवं कुछ सम्पत्तियां कब्जा हटवाकर मंदिर ट्रस्ट में लाई गई। मंदिर में अब समय समय पर कई धार्मिक आयोजन होते हैं जो पहले नहीं होते थे और इससे शहर में नई धार्मिक चेतना आई है। राठी ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की स्टेशन रोड स्थित जिस दुकान का विक्रय किया गया है उसका दुकानदार से पिछले तीन वर्षों से खाली करने अथवा सुरक्षा निधि मंदिर ट्रस्ट की नई नीति अनुसार सुरक्षा निधि मंदिर में जमा करने हेतु व किराया बढ़ाने के लिए कहा जा रहा था लेकिन दुकानदार मंदिर की दुकान पर अनाधिकृत कब्जा कर बैठा था। राठी ने कहा कि एग्रीमेंट करीब 3 साल पहले खत्म हो चुका है ओर उसके बाद नया किराया नामा नहीं बना है। लंबे समय से विवाद और बकाया स्थिति बने रहने के कारण ट्रस्ट ने नियमानुसार दुकान विक्रय का निर्णय लिया।

उन्होंने बताया कि दुकान विक्रय से प्राप्त राशि मंदिर ट्रस्ट के खाते में जमा कराई गई है तथा इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास कार्यों, व्यवस्थाओं के सुधार एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के अन्य सदस्यों द्वारकादास पोरवाल, बालकिशन गुप्ता और पुरुषोत्तम पालीवाल ने कहा कि पिछले वर्षों में मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियों एवं राधेश्याम बगीची के विकास को लेकर लगातार कार्य किए गए हैं और आगे भी अनेक योजनाओं पर कार्य किया जाएगा ताकि ट्रस्ट की प्रतिष्ठा और धार्मिक पहचान को और मजबूत बनाया जा सके।

ट्रस्ट अध्यक्ष कृष्ण कुमार राठी ने यह भी जानकारी दी कि मंदिर ट्रस्ट की कुछ अन्य संपत्तियों एवं दुकानों पर भी कुछ लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य मंदिर की सभी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराना एवं उन्हें धार्मिक एवं सार्वजनिक हित में उपयोग करना है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने ट्रस्ट की संपत्तियों की सुरक्षा एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई। वहीं इस विवाद पर दुकानदार सुरेश लड्डा ने मीडिया को बताया कि वो ऑन लाइन किराया जमा कर रहा है लेकिन इस पर मंदिर ट्रस्ट से जानकारी चाही तो ट्रस्ट अध्यक्ष केके राठी ने बताया कि इस बारे में हमे कोई जानकारी नहीं है और ना उसने हमसे इस बारे में कोई बात कर जानकारी भी नहीं दी है। राठी ने कहा कि ऑन लाइन मंदिर में कई लोग दान स्वरूप राशी दान करते हैं लेकिन दुकानदार ने मंदिर ट्रस्ट को अवगत नहीं कराया ओर ना ही कभी किराया जमा करने की रसीद लेने आया । राठी ने प्रेस वार्ता में बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि मंदिर ट्रस्ट की संपत्ति पूर्व में भी बिकी है पत्रकारों द्वारा यह पूछने पर यह एक गलत परिपाटी तो नहीं पड़ जाएगी इस पर वहा उप-स्थत ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा ट्रस्ट द्वारा जो संपत्ति खरीद की गई है ट्रस्ट उसी का बेचान कर सकता है दान में दी गई संपत्ति का बेचान नहीं होता है।

# ऊकरूंद में श्रीमद् भागवत कथा की गूंज, भक्त प्रहलाद चरित्र सुन श्रद्धालु हुए भावुक

स्मार्ट हलचल



**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के समीप ऊकरूंद गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। यह धार्मिक आयोजन 21 मई से प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रतिदिन भगवान के विभिन्न स्वरूपों एवं लीलाओं का मनमोहक वर्णन किया जा रहा है।

शनिवार को आयोजित कथा में भक्त प्रहलाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन कथा वाचक आरती शास्त्री द्वारा अपने मुखारविंद से किया गया। कथा के दौरान भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति, सत्य और भगवान के प्रति समर्पण का वर्णन सुन श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आयोजनकर्ता गिरधारी लाल मीणा ने बताया कि श्रीमद् भागवत सप्ताह की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन 28 मई, गुरुवार को किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। धार्मिक कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं सेवाओं में हेमराज एवं करण सहित कई युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

# बजरी माफियाओं संग पुलिसकर्मियों का डांस वीडियो वायरल-बरौनी थाना पुलिस पर उठे सवाल

## किसी स्टॉफ के शादी समारोह का बताया जा रहा वायरल वीडियो-वांछित बजरी माफिया की एंट्री से मचा हड़कंप, पुलिस व माफिया गठजोड़ की चर्चाएं तेज

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले के पीपलू सर्किल अंतर्गत बरौनी थाना क्षेत्र से पुलिसकर्मियों और कथित बजरी माफियाओं के साथ डांस करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया है। प्रथम दृष्टया सामने आया हैं कि यह वायरल वीडियो 19 मई का बताया जा रहा है, हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

लेकिन सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो में बरौनी थाने के करीब 8 पुलिसकर्मी कथित रूप से क्षेत्र के सक्रिय बजरी माफियाओं के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में रतिराम चौधरी (हेड कांस्टेबल), रवि कुमार (कांस्टेबल), रामप्रसाद जाट (कांस्टेबल), भरतराज देवंदा (कांस्टेबल), भगवान सहाय (कांस्टेबल), रामकिशोर मीणा (कांस्टेबल), शंकर लाल बैरवा (कांस्टेबल) और बनवारी लाल बैरवा (कांस्टेबल) दिखाई देने की चर्चा है। वहीं वायरल वीडियो में सफेद शर्ट पहने नजर आ रहा मुकेश उर्फ मस्या गुर्जर भी चर्चा का केंद्र बना हुआ है। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ बजरी से जुड़े आधा दर्जन से अधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं, जिनमें राजकार्य में बाधा जैसे मामले भी शामिल बताए जा रहे हैं। एक बजरी कारोबारी किसी प्रकरण में वांछित भी बताया जा रहा है। इसके अलावा महेश भांची नामक व्यक्ति भी वीडियो में पुलिसकर्मियों के साथ डांस करता दिखाई दे रहा है, जिसे क्षेत्र में बजरी कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है।




### इनका है कहना

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक रामावतार चौधरी एवं बरौनी थानाधिकारी कुसुम मीना ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिसकर्मियों के कथित रूप से किसी प्रकरण में वांछित बजरी कारोबारी के साथ शादी समारोह में गानों पर डांस करते दिखाई देने का मामला सामने आया है। मामला किसी पुलिस स्टाफ के शादी समारोह का बताया जा रहा है। मामले की पुलिस व बजरी माफिया के लिंक होने के संबंध में गहन जांच की जा रही है तथा जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

वीडियो वायरल होने के बाद आमजन के बीच पुलिस की कार्यप्रणाली और कथित बजरी माफियाओं से संबंधों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। एक ओर पुलिस और प्रशासन अवैध बजरी खनन व परिवहन पर सख्त कार्रवाई के दावे करते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसे वीडियो सामने आने से पुलिस की छवि पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों के बीच यह चर्चा भी बनी हुई है कि वीडियो किसी निजी समारोह का है या फिर पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान वहां मौजूद थे। हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

### सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा

वायरल वीडियो को लेकर बरौनी थाना क्षेत्र सहित पूरे जिले में चर्चाओं का दौर जारी है। सोशल मीडिया पर लोग इस मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब सबकी नजर पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों पर टिकी हुई है कि इस पूरे मामले की जांच किस स्तर पर होती है और क्या संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है या मामला केवल चर्चाओं तक सीमित रह जाएगा।

# अवैध पेयजल कनेक्शन हटाए



स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। आमजन को पेयजल संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम कल्याणपुरा में पेयजल समस्या को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता आकाश सिंह गुर्जर ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में घर-घर पेयजल कनेक्शन जारी किए गए हैं। गांव की मुख्य पेयजल वितरण पाइपलाइन में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध कनेक्शन कर लिए गए थे, जिन्हें जलदाय विभाग की टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया। इसी प्रकार उनियारा के वार्ड नंबर 13 स्थित चारभुजानाथ मंदिर के पीछे की गली में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नई पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा मुख्य मार्ग पर स्थित 200 एम.एम. ट्रांसमिशन मेन पाइपलाइन से मिलान की मांग की गई थी, लेकिन अंतिम छोर पर कम प्रेशर होने के कारण तकनीकी दृष्टि से यह संभव नहीं था। इसी कारण कार्य रुका हुआ था। विभाग द्वारा 22 मई को स्थानीय लोगों से समझाइश और समन्वय स्थापित कर पाइपलाइन मिलान का कार्य पूर्ण कराया गया।

# ब्यावर पुलिस की अनोखी पहलः कल सजेगी 'संडे ऑन साइकिल' की महफिल; योग, जुम्बा और साइकिलिंग से गूंजेगा शहर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला पुलिस द्वारा पर्यावरण संरक्षण और आमजन को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कल यानी रविवार, 24 मई 2026 को 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के 'फिट इंडिया मिशन' और राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम सुबह 05:40 बजे पुलिस थाना ब्यावर सिटी से शुरू होगा।

### संपूर्ण कार्यक्रम का शेड्यूल

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने बताया कि इस पूरे अभियान की कमान नोडल अधिकारी और अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनुकृति उजैनिया संभालेंगी। कार्यक्रम को दो मुख्य चरणों में बांटा गया हैः पहला चरण (सुबह 06:00 से 06:40 बजे): ब्यावर सिटी थाने पर सामूहिक योग, जुम्बा सेशन और रोप स्किपिंग (रस्सी कूद) का आयोजन होगा, जो युवाओं और नागरिकों में नई ऊर्जा भरेगा। दूसरा चरण (सुबह 06:40 बजे से): योग सत्र के तुरंत बाद ब्यावर सिटी थाने से ही विशाल साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

### सेहत और पर्यावरण को समर्पित मुहिम

एसपी रतन सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को दैनिक जीवन में योग और व्यायाम अपनाने के लिए प्रेरित करना है। साइकिलिंग न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए रामबाण है, बल्कि यह शहर में बढ़ते प्रदूषण को कम करने और यातायात के दबाव को घटाने में भी मददगार साबित होगी।

इस भव्य आयोजन में जिला पुलिस के आला अधिकारियों के साथ-साथ सर्किल शहर के सभी थानाधिकारी और पुलिस के जवान शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त समाज में पुलिस के मददगार सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, पुलिस मित्र और विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी मुस्तैदी से भाग लेंगे।

### ब्यावर पुलिस की आमजन से अपील

'ब्यावर पुलिस जिले के सभी सामाजिक संगठनों, साइकिल क्लबों और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील करती है कि वे कल रविवार सुबह 05:40 बजे अपनी-अपनी साइकिल के साथ ब्यावर सिटी थाने पहुंचें। इस स्वास्थ्य और पर्यावरण की मुहिम का हिस्सा बनकर जिला पुलिस की इस सकारात्मक पहल को सफल बनाएं।

# निरंकारी महिला समागम में मातृ शक्ति ने दिया मानवता का संदेश

स्मार्ट हलचल

**महवा।** सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की असीम कृपा से जोन 20 बी, जयपुर का जोन स्तरीय निरंकारी महिला समागम का आयोजन आज दोपहर 11.00 से 02.00 बजे तक ब्रांच महवा के एक गार्डन में सम्पन्न हुवा।

जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेश से प्रेरित होकर सत्संग की महिलाओं ने दर्जन भर गीत-संगीत, हिंदी, इंग्लिश, राज-स्थानी भाषा में विचारों, नुकड़ नाटकों और कवि दरबार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जहां मानवता का संदेश देते हुए मानवीय गुणों से युक्त होकर जीवन जीने से जीवन में आने वाले आनंद और सुकून को समझाया वहीं महिला द्वारा घर को स्वर्ग बनाये जाने के अनेक गुणों का जिग्र किया। साथ ही संत महात्माओं की संगति और सत्संग, सेवा, सिमरन से जीवन में अनमोल परिवर्तन को दरसाया। संत निरंकारी मिशन के केंद्रीय प्रचारक बहन ज्ञान मणि सक्सेना जी ने अपने अध्यक्षीय विचारों में बताया कि अध्यात्म और भौतिक ज्ञान को जीवन में शामिल कर इस मानवीय जीवन को सुंदर बनाया जा सकता है। आगे आपने बताया कि हमें कण कण से शिक्षा मिलती है जिस तरह प्रभु परमात्मा कण कण में विराजमान हैं उसी तरह कण कण में शिक्षा है सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशन में महिला समागम का आयोजन का मकसद भी साफ है कि महिलाएं हमारे समाज की हमारे घर की मुख्य धुरी होती है एक ज्ञानवान महिला धैर्य से, प्रेम-प्यार से, अपनी मातृत्व शक्ति से दो घरों को स्वर्ग बनाती है। यदि हमारे घर सुंदर होंगे, परिवार अच्छे होंगे तो पूरे विश्व में सुंदरता आयेगी। आज जहां देश और दुनिया में जाति, धर्म मजहब के कई भेदभाव है वहीं निरंकारी मिशन का उद्देश्य मानव को मानव से प्यार करना सिखाना है। विश्व में वसुदेव कुटुंबकम की भावना जागृत की जा रही है जिससे चारों तरफ एकता नजर आए आपसी प्रेम प्यार बढ़े। संयोजक ब्रांच बांदीकुई बृजमोहन वेद एवं मुखी ब्रांच महुवा राहुल महावर जी ने कहा कि इस महिला समागम में जोन के करीब 30 ब्रांचों से निरंकारी महिला अनुयायियों के साथ साथ अन्य प्रभु प्रेमियों ने भी उपस्थित होकर सदगुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया है। साथ ही उपस्थित सभी संयोजकों, ब्रांच मुखियों, सेवादल अधिकारियों और उपस्थित क्षेत्र के गणमान्यजनों, भक्तों संतों का धन्यवाद किया।



# 6 साल से फरार चल रहा मुख्य वाहन स्वामी जालौर से गिरफ्तार, रायपुर पुलिस की बड़ी कामयाबी

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/रायपुर।** अवैध शराब तस्करी के मामलों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पिछले 6 साल से फरार चल रहे अवैध शराब से भरे टैंकर के मालिक (वाहन स्वामी) को जालौर से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

### हाईवे पर पकड़ा गया था शराब से भरा टैंकर

यह मामला 20 अगस्त 2020 का है, जब रायपुर थाना पुलिस ने एन.एच. 162 पर अंडरब्रिज के पास ब्यावर से पाली की तरफ जा रहे एक संदिग्ध 10 चक्का टैंकर (रछ्ठ 24 2495) को घेराबंदी कर रुकवाया था। तलाशी लेने पर टैंकर के भीतर से 162 कार्टून अवैध शराब बरामद हुई थी। पुलिस ने मौके से चालक मनोहर सिंह विश्नोई (निवासी बिलाड़ा, जोधपुर) को गिरफ्तार किया था।

पुलिस अनुसंधान में सामने आया था कि यह अवैध शराब भंवरलाल विश्नोई (निवासी चितलवाना, जालौर) के कहने पर भिवानी (हरियाणा) में राम रहीम मंदिर के सामने एक होटल के पास से लोड की गई थी और इसे राजकोट (गुजरात) में खाली किया जाना था। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी भंवरलाल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन वाहन का असली मालिक तब से फरार था।

### लगातार ठिकाने बदल रहा था आरोपी

वाहन स्वामी महावीर खिलेरी (उम्र 30 वर्ष, निवासी चितलवाना, जालौर) की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने चितलवाना, बनासकांठा, बिलाड़ा, डांगियावास, जोधपुर, पाली, सोजत सिटी और चंडावल सहित कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। इसके बाद आरोपी के खिलाफ धारा 173(8) के तहत अनुसंधान पेंडिंग रखा गया था।

### विशेष टीम ने ऐसे दबोचा

जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर, श्री रतन सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी रायपुर के निकट सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने आधुनिक तकनीकी संसाधनों और जमीनी आसूचना की मदद से कड़ी से कड़ी जोड़ी और आखिरकार आरोपी महावीर खिलेरी को पाली व जालौर की सीमा से गिरफ्तार कर लिया।

### सराहनीय भूमिका निभाने वाली पुलिस टीमः

सरवर खां (उप-निरीक्षक, पुलिस थाना रायपुर),राजेन्द्र (कांस्टेबल 416, पुलिस थाना रायपुर),मनोज (कांस्टेबल 505, पुलिस थाना रायपुर),राजू राम (कांस्टेबल, पुलिस थाना बार)

# जमीनी विवाद में फायरिंग व जानलेवा हमला, तीन मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## महिला को छूकर निकली गोली, तलवार-कुल्हाड़ी से हमला, वारदात में प्रयुक्त बोलेरो जब्त

स्मार्ट हलचल | दिलखुश मोटीस

**सावर(अजमेर)।** सावर थाना क्षेत्र के ग्राम रात्या में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग एवं जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी भी जब्त कर ली है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम रात्या निवासी रामप्रसाद गुर्जर पुत्र चुन्नीलाल गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2012 में उन्हें ग्राम रात्या घटियाली में 8 बीघा भूमि आवंटित हुई थी। 21 मई 2026 को सुबह करीब 11:20 बजे शिवराज, पर्वतराज, शिवराज, प्रताप सहित करीब 40-50 हथियारबंद लोग उक्त जमीन पर पहुंचे और अवैध कब्जे की नीयत से खंभे गाड़ने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवादी पक्ष पर हमला कर दिया। आरोप है कि पर्वतराज ने रिवाल्वर से जानलेवा फायर किया, जिससे गोली एक महिला की ठोड़ी को छूते हुए निकल गई और वह अचेत हो गई। वहीं अन्य आरोपियों ने तलवार एवं कुल्हाड़ी से हमला कर परिवार के कई सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।



घटना के बाद पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न गंभीर धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर निरीक्षण कराया गया तथा खाली कारतूस एवं खून से सनी मिट्टी को साक्ष्य के रूप में जब्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने फील्ड इंटेलिजेंस एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए शिवराज मीणा (35) पुत्र दुर्गालाल मीणा निवासी रात्या, शिवराज गुर्जर (34) पुत्र हरजी गुर्जर निवासी जसवंतपुरा तथा राजकुमार उर्फ रामसिंह (22) पुत्र यादराम मीणा निवासी रुपारेल देवली जिला टोंक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी राजकुमार उर्फ रामसिंह की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त कर लिया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अनुसंधान जारी है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी राधेश्याम जाट, एएसआई किशनलाल, हेड कांस्टेबल भंवरलाल, हनुमान लाल तथा कांस्टेबल रामेश्वर गिरी, राकेश यादव एवं महेन्द्र मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एमबीबीएस इंटर्न को मानसिक प्रताड़ना का मामला

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज शर्मा निलंबित

## ब्यावर सिटी थाने में दर्ज हुई थी एफआईआर
## आयुष विभाग ने नियमों के तहत की बड़ी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्थानीय राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा को आयुष विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया है। डॉ. शर्मा पर अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर के अधीन कार्यरत एक एमबीबीएस इंटर्न को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप है।

### भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस प्रताड़ना के संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस थाना ब्यावर सिटी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 78(2) एवं 308 (2) के तहत एफआईआर संख्या 0213 (दिनांक 20 मई 2026) दर्ज की है। फिलहाल इस पूरे प्रकरण की पुलिस द्वारा गहनता से जांच की जा रही है।

### कड़े नियमों के तहत हुई कार्रवाई

मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए आयुष (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी) विभाग ने यह सख्त कदम उठाया है। डॉ. शर्मा के खिलाफ यह निलंबन आदेश राज-स्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1958 के नियम 13(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है।

### अजमेर रहेगा मुख्यालय

निलंबन आदेश के मुताबिक, निलंबन की इस अवधि के दौरान डॉ. मनोज कुमार शर्मा का मुख्यालय निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर निर्धारित किया गया है। नियमानुसार, इस अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# ब्यावर में 500 से अधिक छात्राओं को मिला 'बेटी प्रतिभा सम्मान'

## महानगरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय परिसर को देख दंग रह गए ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावक और छात्राएं

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शैक्षणिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली अग्रणी संस्था श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर द्वारा स्थानीय 'वर्द्धमान वातानुकूलित सभागार' में एक भव्य 'बेटी प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस समारोह में ब्यावर जिले की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली 500 से अधिक मेधावी छात्राओं को उनकी शानदार सफलता के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर प्रतिभावान बेटियों के चेहरे खिल उठे और वे गौरवान्वित महसूस कर रही थीं।



### प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने बढ़ाया हौसला

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया, तहसीलदार हनुत सिंह और पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना शामिल हुए। इसके साथ ही मीडिया जगत से दैनिक भास्कर अजमेर संस्करण के यूनिट हेड शिवराज शर्मा, न्यूज़ एडिटर सेटेलाइट हेड दीपेश मेहता और ब्यावर ब्यूरो प्रभारी राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत में वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने सभी आगंतुक अतिथियों का माल्यार्पण, उपरना ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया।

### बेटियां ही हैं देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला

स्वागत उद्बोधन देते हुए समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख ने कहा कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शिक्षा के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जगाना है, ताकि समाज में बालिका शिक्षा को और अधिक मजबूती मिल सके। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़ ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, 'आज बेटियां शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन और खेलकूद समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।' उन्होंने सभी छात्राओं से भविष्य में भी कड़ी मेहनत और अनुशासन बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं, उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बेटियों को सशक्त, स्वावलंबी और जागरूक बनाती है। शिक्षित और आत्मनिर्भर बेटियाँ ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की असली आधारशिला हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने भी छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### महानगरों जैसी सुविधाओं वाला कॉलेज परिसर बना पहली पसंद

इस सम्मान समारोह को लेकर ब्यावर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के बाद छात्राओं और उनके अभिभावकों ने वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय परिसर का भ्रमण किया। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों से आई छात्राएं कॉलेज की आधुनिक सुख-सुविधाओं को देखकर आश्चर्यचकित रह गईं। महानगरों की तर्ज पर बने इस परिसर में वातानुकूलित क्लास रूम, हाईटेक लाइब्रेरी, आधुनिक कंप्यूटर लैब, म्यूजिक, योगा, होम साइंस और साइंस लैब के साथ-साथ फैशन डिजाइनिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट जैसे नए जमाने के रोजगारोन्मुखी कोर्सेज की सुविधा उपलब्ध है। बहुमंजिला इमारत में लिफ्ट की सुविधा और हरियाली से आच्छादित शांत वातावरण को देखकर अनेक छात्राओं और अभिभावकों ने इस कॉलेज को अपनी पढ़ाई के लिए 'पहली पसंद' बताया।

### आभार और उपस्थिति

कार्यक्रम के समापन पर श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने सभी मुख्य अतिथियों, प्रतिभावान छात्राओं और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस भव्य समारोह में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के प्रबंधकारिणी सदस्य रमेशचंद मेड़तवाल, भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा, वर्द्धमान गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य अरविंद नाहर सहित वर्द्धमान ग्रुप की सभी शिक्षण इकाइयों के संकाय सदस्य, कर्मचारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सरकार जनता को इस कमरतोड़ महंगाई से राहत दे - पठान

स्मार्ट हलचल

**मनोहरपूर।** अल्पसंख्यक विभाग राजस्थान का प्रदेश सचिव नदीम पठान ने कहा कि पेट्रोल-डीजल महंगा होने से राजस्थान सरकार को फायदा हो रहा हैं, भाजपा सरकार अपना वैट कम कर आमजन को राहत दे।

पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से आमजन की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। मालभाड़ा बढ़ने के कारण रोजमर्रा की हर वस्तु महंगी हो गई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का जीना दूभर हो गया है।

डीजल महंगा होने का सीधा और सबसे बड़ा नुकसान हमारे अन्नदाता किसानों को हो रहा है, जिससे उनकी कृषि लागत बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल महंगा होने पर राज्य सरकार का वैट स्वतः ही बढ़ जाता है, जिससे सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलता है। विपक्ष में रहते हुए भाजपा वैट को लेकर लगातार सवाल उठाती थी, लेकिन आज भी राजस्थान में वैट पड़ोसी राज्यों हरियाणा एवं गुजरात के मुकाबले कहीं अधिक है। राज्य सरकार को अपना मुनाफा छोड़कर आमजन के हित में सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से मेरी मांग है कि राज्य सरकार वैट और रोड सेस में तुरंत कमी करे, ताकि प्रदेश की जनता को इस कमरतोड़ महंगाई से कुछ राहत मिल सके।



**किसानों की यह आमधारणा है कि जितनी अधिक सिंचाई की जायेगी, उतनी ही ज्यादा उपज मिलेगी, किंतु वास्तविकता यह नहीं है. पानी उतना ही लाभदायक है, जितना पौधों की जरूरत है. बाकी जल तो अधिक गहराई तक पौधों की जड़ों की पहुंच से दूर नीचे रिस जाता है और कुछ भाप बनकर उड़ जाता है। रबी की फसलों में सिंचाई का दो तिहाई पानी कच्ची नालियों से रिसकर अन्यथा बहकर नष्ट हो जाता है केवल एक तिहाई भाग पानी ही पौधों को प्राप्त होता है। अत: अगर सिंचाई समयानुसार की जाय तो न केवल सी मिल जल का अच्छा उपयोग होगा, बल्कि ज्यादा क्षेत्रमें भी किसान सिंचाई करके अपने खेत की औसत उपज बढ़ा सकते हैं।**

# रबी फसलों को पिलाएं संतुलित जल



अधिक सिंचाई से होने वाली हानियाँ- सिंचाई समय से करने पर लाभ होता है किंतु जरूरत से अधिक करने पर पौधों के आवश्यक पोषक तत्व भूमि में रिस कर निचली सतह पर चले जाते हैं जो पौधों को उपलब्ध नहीं होते। इसी कारण पौधे पीले पड़ने लगते हैं। ऐसा अधिकतर नहर वाले

मिट्टी में वायु संचार में कमी आ जाती है जिससे पौधे की वृद्धि रुक जाती है।



द्य पौधे पीले पड़ने लगते हैं।

द्य पौधे की बढ़वार रुक जाती है

द्य भूमि में क्षार बढ़ने से ऊसर होने की संभावना है।

द्य अधिक नमी होने के कारण भूमि में पौधों की जड़ों का क्षेत्र घट जाता है जिससे पौधों को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वन हीं मिल पाते हैं।

रबी फसलों में महत्वपूर्ण सिंचाई की अवस्थाएं

## गेहूं

रबी फसलों में गेहूं को ही सबसे अधिक सिंचाई से फायदा होता है देशी उन्नत जातियाँ या गेहूं की ऊंची किस्मों की जल की आवश्यकता 25 से 30 से.मी. है। इन जातियों में जल उपयोग की दृष्टि से तीन अवस्थाएं होती हैं जो क्रमशः कल्ले निकलने की अवस्था (बुआई के 30 दिन बाद), पुष्पावस्था (बुआई के 50 से 55 दिन बाद) और दूधिया अवस्था बुआई के 95 दिन बाद)इन अवस्थाओं में सिंचाई करने से निश्चित उपज में वृद्धि होती है। प्रत्येक सिंचाई में 8 से.मी. जल देना आवश्यक है।

बौने गेहूं की किस्मों को प्रारंभिक अवस्था से ही पानी की अधिक आवश्यकता होती है- क्राउन रुट (शिखर या शीर्ष जड़ें) और शीर्ष जड़े और 'झखड़ा जड़ें' निकलते समय।

बुआई के 15-16 दिन तक पौधा बीज में सुरक्षित भोजन पर जीवित रहता है और अपनी खुराक लेता रहता है। लेकिन इसके बाद बीज का संचित भोजन समाप्त होने लगता है और तब वह धीरे-धीरे भूमि से खुराक खींचना

निकलती हैं। जिस समय ये जड़ें निकलती हैं, उस समय भूमि की सतह नम होनी चाहिए. ऐसे में बुआई के 20-21 दिन बाद खेत में हल्की सिंचाई करना अत्यंत आवश्यक होता है। किसानों को यह बात भली-भांति समझना चाहिए कि शिखर जड़ों से पौधों में कल्लों का विकास होता है, जिससे पौधों में बालियां ज्यादा आती हैं और फलस्वरूप उपज अधिक मिलती है। झखड़ा जड़ें पौधों को प्रारंभिक आधार देती हैं। अतः बुआई के समय हर हालत में खेत में काफी नमी होनी चाहिए. बौनी गेहूं की किस्मों के खेत में पलेवा देकर खेत की तैयारी करने से अच्छा अंकुरण होता है। इन जातियों को 40 से 50 से.मी. जल की कुल आवश्यकता होती है और प्रति सिंचाई 6 से 7 से.मी. जल देना जरूरी है। अगर दो सिंचाई की सुविधा है तो पहली सिंचाई बुआई के 20-21 दिन बाद प्रारंभिक जड़ें निकलने के समय करें दूसरी सिंचाई फूल आने के समय। यदि तीन सिंचाई करना संभव हो तो पहली सिंचाई बुआई के 20-21 दिन बाद (शिखर जड़ें निकलते समय), दूसरी पौधों में गाँठ बनते समय (बुआई के 60-65 दिन बाद) और तीसरी सिंचाई पौधों में फूल आने के बाद करनी चाहिए। जहां चार सिंचाईयों की सुविधा हो वहाँ पहली सिंचाई बुआई के 21 दिन बाद (शिखर जड़ें निकलते समय), दूसरी बुआई के 40-45 दिन बाद (पौधों में कल्ले निकलने के बाद) तीसरी बुआई के 60-65 दिन बाद (पौधों में गाँठ बनते समय) और चौथी सिंचाई फूल आते समय करें. चौथी और पाँचवी सिंचाई विशेष लाभप्रद सिद्ध नहीं होती है। इनको उसी समय करना चाहिए जब मिट्टी में पानी की संचय शक्ति कम हो। बलुई या बलुई दोमट मिट्टी में इस सिंचाई की जरूरत होती है। पांचवी सिंचाई उस समय करें जब दानों में दूध पड़ जाये। यदि वायुमंडल का तापमान तेजी से बढ़ रहा हो तो छठी सिंचाई हल्की करें। जब दाने में थोड़ी कठोरता नजर आती हो या दूधिया अवस्था बीत गयी हो तो इस सिंचाई को करना बहुत जरूरी नहीं है। परीक्षणों से यही निष्कर्ष निकला है कि यदि 6 सिंचाईयां की जायें तो बौने गेहूं से अधिकतम उपज मिलती है। लेकिन यदि 6 सिंचाईयाँ संभव न हो तो उपयुक्त समय पर उक्त तीन सिंचाईयां तो अवश्य ही करनी चाहिए। पिछेती गेहूं में पहली 5 सिंचाईयां 15 दिनों के अंतर से करें। फिर बालें निकलने के बाद यह अन्तर 9-10 दिन का रखें। पिछेती गेहूं की दैहिक अवस्था पिछड़ जाती है और बालें निकलना और दानों का विकास तो ऐसे समय पर होता है जब वाष्पीकरण तेजी से होता है और ऐसी दशा में खेत में नमी की कमी का दानों के विकास पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है, फलस्वरूप दाना सिकुड़ जाता है। इसीलिए देर से बोये गए गेहूं में जल्दी सिंचाई कम दिनों के अंतर से जरूरी है।

# सरसों की ओरोबंकी



**ओरोबंकी :-** ओरोबंकी या आग्या (ब्रुमरेप) की जातियाँ पूर्ण रूप से मूल परजीवी होती हैं। यह विभिन्न फसलों पर आक्रमण करती हैं जिसमें सरसों, बैंगन, टमाटर, तम्बाकू, फूलगोभी, पत्तागोभी, शलजम और कई सोलोनेसी तथा कुसीफेरी कुल के पौधें शामिल हैं। सरसों, तोरिया, राया फसलों पर ओरोबंकी इजिप्टिका का आक्रमण सबसे पहले राजस्थान के अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर क्षेत्र में देखा है। ओरोबंकी सेरनुआ एक दूसरी पर जाति है जोकि बिहार क्षेत्रों में सरसों की फसल पर परजीवी है। सरसों की फसल में इसके प्रकोप से 10 से 70 प्रतिशत तक हानि हो सकती है। यह परजीवी सरसों उगाये जाने वाले सभी क्षेत्रों में जैसे - राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा में पाया जाता है।

**लक्षण :-** ओरोबंकी से ग्रस्त सरसों के पौधे छोटे रह जाते हैं और कभी-कभी मर भी जाते हैं ओरोबंकी के चूषकांग (हास्टोरिया) सरसों की जड़ों में घुस कर पोषक तत्व प्राप्त करते है। सावधानी से उखाड़ कर देखें तो पता चलता है कि ओरोबंकी की जड़ें सरसों की जड़ों के अंदर घुसी हुई दिखती है। सरसों के पौधें के नीचे मिट्टी से निकलते हुये ओरोबंकी परजीवी दिखाई पड़ते हैं।

## नियंत्रण के उपाय

1. नये क्षेत्रों में बीज का प्रवेश नहीं होने देना चाहिये तथा परजीवी के बीज रहित सरसों के शुद्ध बीज का उपयोग करना चाहिये। 2. ओरोबंकी परजीवी को हाथ से उखाड़ कर या सावधानी से साधारण कसी से निराई-गुड़ाई द्वारा जमीन के ऊपर के तने को काटकर बीज बनने से पहले ही नष्ट कर देना चाहिये।
3. यदि बीज बन गये हों तो पौधों को सावधानी से निकालना चाहिये जिससे बीज भूमि में नहीं मिलें।
4. जिन क्षेत्रों में बहुत अधिक प्रकोप होता है वहां सरसों की फसल ट्रेप क्रोप के रूप में बोनी चाहिये। 30 से 40 दिन में परजीवी के पौधे बाहर निकलते दिखाई दें तो नवम्बर के अंत में गहरी जुताई करके सरसों सहित इसके भूमिगत तने को नष्ट कर देना चाहिये। इसके बाद अन्य फसल बो देना चाहिये।
5. जब तक इसका पूर्ण नियंत्रण नहीं हो जाता सरसों के स्थान पर अरण्डी की फसल बोयें, क्योंकि अरण्डी एक वर्षीय फसल है इससे परजीवी को रोकने में मदद मिलेगी।
6. कुछ पौधों जैसे मिर्च के बोने से ओरोबंकी के बीजों का अंकुरण हो जाता है लेकिन मिर्च की फसल पर इस परजीवी से कोई नुकसान नहीं होता है। इस प्रकार भूमि में मौजूद ओरोबंकी के बीजों को अंकुरित कर इस फसल का ट्रेप फसल के रूप में प्रयोग कर परजीवी के पौधों को नष्ट किया जा सकता है। इस प्रकार मिर्च, सरसों फसल चक्र अपनाने से इस परजीवी का प्राकृतिक रूप से नियंत्रण हो जायेगा।
7. लम्बे समय तक फसल चक्र अपनाकर इसकी उग्रता को रोका जा सकता है।
8. पौधों की भूमि की सतह के पास 25 प्रतिशत ताम्र घोल का छिड़काव करने से परजीवी नष्ट किये जा सकते हैं।
9. ओरोबंकी पौधों पर सोयाबीन के तेल की 2 बूंदे डाल देने से पौधा मर जाता है।
10. सरसों की आग्या रोगरोधी किस्म दुर्गामणि की बुवाई करें।

# पशुओं का स्वास्थ्य प्रबंधन

**गलघोंटू-** यह बीमारी पाश्चुरेल्ला मल्टोसिडा नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होती हैं।

**लक्षण-** इस बीमारी से ग्रसित पशु को तेज बुखार (106 से 108 डिग्री सेल्सियस तक) हो जाता हैं मुंह से बहुतायत में लार बहती हैं, सिर में तथा अगले दोनों पैरों के बीच दुखदायी सूजन, पेटशूल तथा भूख न लगना, साँस लेने में तकलीफ, खून भरे दस्त, आंखों में सूजन, जीभ बड़ी तथा लाल होना, गिटकने में कठिनाई आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

**बचावः-** बरसात से पूर्व गलघोंटू रोग विरोधी टीका ऑईल अॅडज्युव्हंट- वैक्सीन जिस पशु का शरीर भार 150 कि.ग्रा. तक हैं उन्हें लगवायें। जिन पशुओं का शरीर भार 150 किलो से ज्यादा हैं उन्हें अॅलम प्रेसिपिटेटेड वॅक्सीन 5 से 10 मिली त्वचा के नीचे लगवायें। टीकाकरण करने से पशु के शरीर में एक वर्ष तक इस रोग विरोधी शक्ति बनी रहती हैं। टीकाकरण न करने पर पशु की मृत्यु हो सकती हैं।

**जहरी बुखार-** इसे अंग्रेजी भाषा में अॅथ्रेक्स कहते हैं तथा ये बॅसिलस अॅथ्रॅसिस नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होता हैं।

**लक्षण-** पशु को तेज बुखार होता है, पेट फूल जाता हैं, सभी प्राकृतिक छिद्रो से यानि नॉक, मुंह, योनी द्वार, गुद्‌द्वार, कान से गहरे काले रंग का खून बहता हैं जो जमता नहीं हैं यह इस बीमारी का प्रमुख लक्षण हैं। बीमारी बढ़ने पर पशु की मृत्यु हो जाती हैं।

**बचाव-** बरसात से पहले इस रोग विरोधी टीका आँरी अंथ्रंक्स सीरम और साथ ही ब्रॉड स्पेक्ट्रम प्रति जैविक अंटीसीरम 100 से 350 मि.ली नस में लगवायें।

**लंगड़ा रोग-** अंग्रेजी में इस रोग को ब्लॅक क्वार्टर नाम से जाना जाता हैं तथा यह क्लोस्ट्रीडियम शोव्हाय नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होता हैं.

**लक्षण-** पशु को तेज बुखार होता हैं, पुट्ठों पर विशेषकर पिछले पुट्ठे पर तथा शरीर में सूजन पैदा हो जाती है। पुट्ठों पर जो सूजन पैदा होती हैं उसे दबाने पर करकर जैसी आवाज आती हैं क्योंकि उसमें जीवाणु गैस (वायु) पैदा करते हैं।

**बचाव -** बरसात से पूर्व इस रोग विरोधी टीका (अंटीसीरम) 200 से 400 मिली नस में लगवायें।

**उपाय-** पेनीसिलीन, सिप्रोफ्लोक्सासीन तथा नॉर फ्लोक्सासीन जैसे प्रति जैविक इस रोग को नियंत्रण करने में काफी प्रभावशाली पाये गये हैं। लेकिन पशुओं को इस रोग की बाधा होती ही नहीं चाहिए इसलिये इस रोग विरोधी टीका बरसात से पहले अवश्य लगवा लें.

**खुरपका-मुंहपका रोग-** इसे अंग्रेजी भाषा मे फूट अंड माउथ डिसीज कहते हैं क्योंकि इस रोग से ग्रसित पशु के पैर तथा मुंह दोनों ज्यादा प्रभावित होते हैं.

**लक्षण-** इस रोग से ग्रसित पशु को तेज बुखार (104 से 106 डिग्री सेल्सियस तक) हो जाता हैं। पशु के मुंह में छाले हो जाते हैं जो बाद में फूट जाते हैं और वहाँ जख्म बन जाते हैं। इससे पशु के मुंह से लगातार चिपचिपी लार टपकती रहती हैं जो गाढ़ी होती हैं और मुंह से जमीन तक तार के माफिक टपकती रहती हैं। पशु के मुंह में दर्द होने से वह कुछ भी खा नहीं सकता अतः कमजोर हो जाता हैं। इसी प्रकार उसके खुरों के बीच भी फोड़े बन जाते हैं जो बाद में फूटकर वहां भी जख्म बन जाते हैं। पशु को काफी दर्द होने से वह चल-फिर नहीं सकता। अतः चराई नहीं कर सकता। जिससे वह और भी कमजोर हो जाता हैं।

रोग के बढ़ने पर मुंह तथा खुर पैर टेढ़े हो जाते हैं. देशी जातियों की गायों की इस रोग-विरोधी शक्ति संकर तथा विदेशी पशुओं की अपेक्षा ज्यादा होने से वह मरती नहीं हैं लेकिन शरीर में विकृतियाँ जैसे मुंह तथा खुर टेढे होना मुंह के भीतर के दाँत गिर जाना आदि नुकसान तो निश्चित होते ही हैं.

**उपाय-** बचावः यह रोग विषाणु जन्य होने के कारण इस रोग का कोई उपाय नहीं हैं। रोग होने पर प्रति जैविक देना चाहिए लेकिन पशुओं को यह रोग होना ही नहीं चाहिए इसलिये बरसात से पूर्व इस रोग-विरोधी टीका क्वाड्री -व्हॅलंट फील्ड,वॅक्सीन चमड़ी के नीचे लगवाना चाहिए। यह वर्ष में दो बार लगवायें। यह करवाने से हम अपने अमूल्य पशुधन को इस बीमारी से बचाये रख सकते हैं। अतः टीकाकरण अवश्य करवायें।

# टिकाऊ खेती आज की आवश्यकता



### जनसंख्या एवं खाद्यान्न उत्पादन

भारत की जनसंख्या 2001 की जनगणना के अनुसार 102.7 करोड़ को छू चुकी है जो 1991-2000 तक 1.9 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि में रही, जबकि खाद्यान्न उत्पादन 2003-04 में 213.5 मिलियन टन तक पहुंचा अर्थात् 2.1 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से.

इन आंकड़ों को प्रस्तुत करने से तात्पर्य है कि खाद्यान्न में यह वृद्धि से अधिक रही है जो कि संतोषजनक स्थिति है और अभी तो भोजन पेट भर मिल रहा है लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या 2025 में हमें पेट भर भोजन प्राप्त होगा? अगर नहीं तो हम आगे क्या करेंगे?

हमें आगे भी 21वीं सदी के बाद से खाद्यान्न में लगभग 25-30 प्रतिशत की वृद्धि कायम रखनी होगी अन्यथा पूरा देश हमारा सूखा घोषित हो जायेगा जिससे की लगभग 14 प्रतिशत उत्पादन में गिरावट होगी जो भविष्य के लिए प्रगति के उत्तम संकेत नहीं हैं.

### भूमि-जल पर्यावरण

खेती में उर्वरकों, कीटनाशकों शाकनाशियों अर्थात् रसायनों के अत्यधिक प्रयोग में भूमि की दशा निश्चय ही खराब हुई है. जिससे की भूमि के लाभदायक कीट, केंचुए, जीवाणु इत्यादि नष्ट हुए हैं, साथ ही साथ सूक्ष्म तत्वों में भी भारी कमी हुई. अतः जीवांश खादों के प्रयोग से हम रोक सकते हैं फसल चक्र अपना सकते हैं उर्वरकों का संतुलित प्रयोग कर सकते हैं कई जंगल भी नष्ट किये गये सघन पद्धतियों के प्रयोग के कारण जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है अर्थात् इसका दोहन कम किया जाए एवं इन्हें संरक्षित किया जाने का प्रयास करना नितांत आवश्यक है.

### लाभ/खर्च अनुपात

हमारी बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाद्यान्न की उपलब्धि बनाये रखने के लिए सस्य रसायनों का प्रयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है. जिससे की हमारी भूमि में मृदा में तथा मृदा के गुणों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है. यदि यह प्रक्रिया लंबी अवधि तक चलती रही तो भूमि एवं जल की उपादेयता समाप्त हो जायेगी और नई पीढ़ी का जीवन ही असुरक्षित हो जायेगा वर्तमान में हमारे देश की जनसंख्या दिनों-दिन बढ़ रही है और कृषि क्षेत्र बराबर कम होता जा रहा है. ऐसी परिस्थिति में हम टिकाऊ खेती का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है तथा जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों का इसका इस प्रकार से प्रयोग किया जाए कि वर्तमान व भविष्य दोनों में संतुलन हो. इस प्रकार की खेती का प्रयोग करके हम अपने भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित तो कर रही है बल्कि हमें प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा एवं सुरक्षा करके या उन्हें सुरक्षित बनाये रखने का कर्त्तव्य भी पूरी तरह निभा रहे हैं. अर्थात् हमें टिकाऊ खेती का प्रयोग किया जाना चाहिए. जिसके द्वारा हमें आर्थिक लाभ एवं भारत सरकार को पूर्णतः उत्पादन से लाभ प्राप्त हो सके.

कृषि क्षेत्र में सम्पन्नता लाने के लिए उत्पादकता टिकाऊपन तथा समानता की बहुत जरूरत है हमें भारत में भी बदलते पर्यावरण में कृषि निर्वाह की प्राथमिकता देनी अनिवार्य आवश्यकता है. इसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में हम आर्थिक दृष्टि से कारगर, पर्यावरण की दृष्टि त्रुटीहीन सामयिक दृष्टि से सुसंगत प्रौद्योगिकी जो कम लागत पर अधिक से अधिक कृषि उत्पाद दे सकें.

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि टिकाऊ खेती मानव जाति को निरंतर खुशहाली प्रदान का वचन देती है.

### टिकाऊ खेती का महत्व

टिकाऊ खेती का महत्व सबसे अधिक वर्तमान खेती की प्रणालियों, तरीकों एवं समस्याओं को सुधारने में है. टिकाऊ खेती मुख्य रूप से प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा से जुड़ी हुई हैं मृदा, जल, ऊर्जा, वन-विकास एवं जंगली पशुओं की सुरक्षा या इन्हें सुरक्षित रखने से है. टिकाऊ खेती में इनके प्रबंधन पर विशेष प्रकार से ध्यान दिया जाता है. कई प्रकार की उत्पन्न समस्याओं जैसे- सौर ऊर्जा का उचित प्रयोग, वातावरण प्रदूषण की रोकथाम पर्यावरण का संतुलन डगमगाना इत्यादि समस्याओं पर विशेष रूप से ध्यान देना ही इसमें निम्न विषय है अर्थात् भविष्य में टिकाऊ खेती के माध्यम से इन समस्याओं को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है.

### टिकाऊ खेती का लाभ

- पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाये रखने में टिकाऊ खेती का प्रमुख कार्य है.
- वातावरणीय प्रदूषण कम होता है.
- लगाई फसलों की उत्पादन लागत कम आती है.
- प्राकृतिक संसाधनों का दोहन उचित प्रकार से करते हैं.
- टिकाऊ खेती में भूमि, जल, ऊर्जा इत्यादि प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग हम इस प्रकार से करते हैं कि भविष्य में आने वाली पीढ़ियां इसका प्रयोग एवं दोहन ध्यान रखकर कर सकें.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com